राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 182
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 28 मई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा-लखनऊ में कोरोना के सात नए मरीज मिले

पेज 4 बांके बिहारी कॉरिडोर अध्यादेश पर यूपी सरकार से जवाब तलब

पेज 6 गिल हश्वलेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे

## संक्षिप्त खबरें

### कार-ट्रक की टक्कर में दो भाइयों समेत 3 की मौत

जयपुर। जयपुर में ट्रक-कार की आमने-सामने की टक्कर में दो भाइयों समेत 3 की मौत हो गई। दो युवक गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सवार बुरी तरह से फंस गए। बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें निकाला गया। एक्सीडेंट मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे-148 पर रायसर थाना क्षेत्र में रतनपुरा गांव के पास मंगलवार दोपहर 2.45 बजे हुआ। कार सवार लोग रायबरेली (उत्तरप्रदेश) के रहने वाले थे। एएसपी जयपुर ग्रामीण नारायण लाल तिवाड़ी ने बताया- कार सवार युवक खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। कार ओवर टेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

### अमृतसर में ब्लास्ट, एक की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मंगलवार सुबह हुए बम ब्लास्ट में एक शख्स की मौत हो गई। बम को ले जाते समय हुए धमाके में उसके हाथ-पैर उड़ गए। ब्लास्ट के बाद मौके पर आग भी लग गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह ब्लास्ट आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने कराया है और मरने वाला इसी संगठन से जुड़ा था। धमाके के बाद मौके पर पहुंचे पंजाब पुलिस की बॉर्डर रेंज के डीआईजी सतिंदर सिंह ने भी माना कि यह आतंकी घटना है। जिस शख्स की मौत हुई, वह हथियारों की खेप उठाने आया था। इसी दौरान धमाका हो जाने से उसके चीथड़े उड़ गए।

# देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 5 मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डॉ राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। इनमें एलएफ.7, एक्सएफजी 1 और एनबी.1.8.1 वैरिएंट शामिल हैं।

### 24 घंटे में कोरोना से 3 मौतें

जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

# बारिश-बिजली से केरल और महाराष्ट्र में 6 की मौत

## लैंडस्लाइड से सैकड़ों घरों को नुकसान, मुंबई-ठाणे में आज बारिश का रेड अलर्ट



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** केरल में 24 मई को मानसून की दस्तक के बाद लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है। बारिश-लैंडस्लाइड के चलते 29 घर ढह गए, 868 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं। निचले इलाके जलमग्न हैं।

आईएमडी ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की आशंका है।

वहीं, महाराष्ट्र में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। ठाणे में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मुंबई में लगातार बारिश के कारण पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 26 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

मुंबई और ठाणे में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। मुंबई में सोमवार को मानसून ने तय समय से 16 दिन पहले दस्तक दी थी। पहले ही दिन अंधेरी, भांडुप, पवई में बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। लोकल ट्रेन और फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 14 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने की वजह से अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून और मुंबई में 11 जून को पहुंचता है।

आईएमडी ने आज हिमाचल प्रदेश में बारिश, आंधी-तूफान, बिजली और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 27-28 मई को शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, मध्य प्रदेश में सोमवार को तेज गर्मी रही और 6 जिलों में तेज बारिश भी हुई। 4 जिलों में दोपहर का तापमान 40 के पार रहा।

### उल्फा पर और पांच वर्षों के लिए बढ़ा प्रतिबंध

नई दिल्ली। पिछले 35 सालों से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन संयुक्त मुक्ति मोर्चा असम (उल्फा) पर और पांच वर्षों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है। इस संगठन में अभी भी म्यांमार में करीब 200-250 कैडर हैं। इस समय उसके पास 200 से अधिक हथियार होने की आशंका है। यह जानकारी सरकार ने एक न्यायिक ट्रिब्यूनल को दी है जिसने इस प्रतिबंध को आगे बढ़ाया है। उल्फा की गतिविधियों के बारे में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस माइकल जोथांखुमा की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल ने 21 मई को पुष्टि की कि उल्फा और इसके सभी गुटों, विंग और फ्रंट संगठनों को गैरकानूनी संघ घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं, जो 27 नवंबर, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। यह ट्रिब्यूनल यह निर्धारित करने के लिए गठित किया गया था कि उल्फा और इसके सभी गुटों, विंग और फ्रंट संगठनों को गैरकानूनी संघ घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण है या नहीं। परेश बरुआ के नेतृत्व वाली उल्फा संप्रभु असम की मांग के साथ ही इसे सशस्त्र संघर्ष से हासिल करना चाहती है।

# सुप्रीम कोर्ट में वीर सावरकर से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को विनायक दामोदर सावरकर से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सावरकर के खिलाफ नैरेटिव सेट करने और उनके नाम के गलत उपयोग को रोकने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा- याचिकाकर्ता के किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है और इसलिए न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता। याचिका डॉ. पंकज फडनीस ने दायर की थी, जो कोर्ट में मौजूद रहे। दरअसल, उन्होंने राहुल गांधी को सावरकर के खिलाफ कमेंट करने पर सजा के तौर पर सामुदायिक सेवा करने का निर्देश देने की मांग की थी।

# हरियाणा में एक परिवार के 7 लोगों ने सुसाइड किया

## सुसाइड नोट में लिखा- बैंकरप्ट हुए; धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के बाद जहर खाया



**चंडीगढ़/पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात कर्ज से परेशान परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। सभी लोग घर के बाहर खड़ी गाड़ी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति जिंदा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। परिवार पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में किराए के मकान में रह रहा था। मरने वालों का नाम प्रवीण मित्तल, पत्नी रीना, मां विमला, पिता देशराज, जुड़वां बेटी हिमशिखा, दलिशा (11) और बेटा हार्दिक (14) है। प्रवीण मित्तल ने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का कारोबार शुरू किया था। वहां उसे घाटा हो गया। सभी सोमवार को बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री की कथा में गए थे। वहां से लौटते हुए इन्होंने ये कदम उठाया। गाड़ी से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें लिखा है, मैं बैंकरप्ट हो चुका हूं। सुसाइड नोट में जिन लोगों का जिक्र है, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

# जयपुर में सोना-चांदी ढूंढने उतरे 4 लोगों की मौत

## ज्वेलरी कंपनी ने 8 को सेप्टिक टैंक में भेजा था, जहरीली गैस से दम घुटा




**जयपुर।** जयपुर में सेप्टिक टैंक में सोना-चांदी तलाशने के लिए उतारे गए 4 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। इनके 2 अन्य साथियों को गंभीर हालत में महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि 2 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि जहरीली गैस के कारण पहले सफाईकर्मी अचेत हुए, फिर दम तोड़ दिया।

घटना सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया के जी-ब्लॉक स्थित ज्वैलरी जोन में सोमवार रात 8.30 बजे हुई। यहां अचल ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड के 10 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की सफाई की जा रही थी। आरोप है कि पहले सफाई कर्मचारियों ने तेज धूप का हवाला देते हुए टैंक में उतरने से इनकार कर दिया था। बाद में कंपनी ने इन कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ (वेतन के अलावा एक्स्ट्रा रुपए) का लालच दिया था। इसके बाद एक-एक कर 8 कर्मचारी सफाई करने टैंक में उतरे थे। मरने वाले सभी युवक यूपी के सुलतानपुर और अंबेडकर नगर के रहने वाले थे। सीआई सांगानेर सदर अनिल जैमन ने बताया- पुलिस कंट्रोल से घटना की जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अचेत लोगों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां 4 को मृत घोषित कर दिया गया था। दो अचेत थे, जिनका इलाज चल रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद दो अन्य सफाई कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई थी। सीनियर अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी थी। मंगलवार एफआईआर दर्ज की जाएगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

पार्क के सूचना पट्टी पर एक सुविचार लिखा था...!. पेड़ पर अपनी माशूका का नाम लिखने से बेहतर है, उसके नाम पर एक पेड़ लगाए ये बात सोनू के दिल को छू गई...! उसी दिन उसने गर्लफ्रेंड्स को याद करते हुए आखिर में एक बीघा जमीन लेकर अरहर बो डाला..



## शायरी

ऊँचे कुल के कारणै, ब्राह्मन कोय न होय।
जउ जानहि ब्रह्म आत्मा, रैदास कहि ब्राह्मन सोय ॥

# सरकारी बस से मणिपुर नाम हटाने पर विवाद बढ़ा

### राज्यपाल को हेलिकॉप्टर से राजभवन पहुंचाया गया

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर में सरकारी बस से राज्य का नाम हटाने के बाद शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को छात्रों और महिलाओं ने इंफाल एयरपोर्ट से लेकर केसम्पात तक 6ग्रद्व की लंबी मानव श्रृंखला बनाकर विरोध किया। यह जगह राजभवन से सिर्फ 200 मीटर दूर है।

इसी दौरान राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेने दिल्ली गए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला दोपहर में इंफाल पहुंचे। विरोध-प्रदर्शन के चलते राज्यपाल को सेना के हेलिकॉप्टर से राजभवन पहुंचाया गया। जबकि इंफाल एयरपोर्ट से राजभवन की दूरी केवल 7 किलोमीटर है। मैतेई समूहों से जुड़ा संगठन कोकोमी का 7 सदस्यों वाला प्रतिनिधिमंडल आज दिल्ली में गृह मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। इस दौरान मणिपुर की मौजूदा स्थिति और सरकारी बस पर राज्य का नाम छिपाने को लेकर विवाद पर चर्चा होगी।

दरअसल, 20 मई को इंफाल ईस्ट के ग्वालथाबी चेकपोस्ट पर सुरक्षा बलों ने पत्रकारों को ले जा रही मणिपुर राज्य परिवहन की बस को रोका और बस पर लिखे मणिपुर शब्द को ढकने कहा। इसके बाद से ही विवाद हो रहा है।

### टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर

**नई दिल्ली।** टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2025 का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी है। इनकम टैक्स विभाग ने आज यानी, मंगलवार 27 मई को इसकी जानकारी दी। आईटीआर फाइलिंग की प्रोसेस जून के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। आमतौर पर ये 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है, लेकिन इस साल इसमें देरी हो रही है। पिछले साल भी ये अप्रैल में शुरू हुई थी। देरी की वजह आईटीआर फॉर्म के लिए जरूरी ऑनलाइन टूल्स उपलब्ध नहीं होना है।

### आरोप



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में डूसू छात्रों से मुलाकात के दौरान। गांधी ने आरोप लगाया कि योग्य एससी/एसटी/ओबीसी उम्मीदवारों को जानबूझकर अयोग्य ठहराया जा रहा है और नेतृत्व की भूमिकाओं से दूर रखा जा रहा है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,551.63
-624.82 (0.76%)
निफ्टी:
24,826.20
-174.95

## मौसम



अधिकतम : 37 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 5 : 25
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 13

# अनुष्का के भाई ने लालू परिवार को दी चुनौती

### कहा- मामला सुलझाएं वरना लड़ाई दूर तक जाएगी, परिवार की इज्जत नीलाम नहीं होनी चाहिए

**पटना।** तेजप्रताप यादव की अनुष्का यादव के साथ फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद पहली बार अनुष्का के भाई आकाश यादव मीडिया के सामने आए। सोमवार को उन्होंने पत्रकारों से कहा कि तेजप्रताप और अनुष्का दोनों एडल्ट हैं। यदि इस मैटर में लड़का और लड़की सीधे बातचीत करेंगे तो ठीक होगा। ये उनका पर्सनल मैटर है। अनुष्का हमारी छोटी बहन है। उनका जो भी निर्णय होगा, एक बड़े भाई के नाते हम उनके बेहतर भविष्य के लिए उनके साथ खड़े होंगे।

शादी कब हुई, कब नहीं हुई, शादी हुई भी या नहीं, ये तमाम चीजें लड़का-लड़की खुद बताएंगे तो ठीक होगा। जो भी घटना है, वो हमें भी सोशल मीडिया से ही पता चल रही है।

हमारे पास क्या जानकारी है, क्या जानकारी नहीं है, ये निजी बातें हैं। तेजप्रताप को पार्टी से निकाला गया है, हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। क्या उन्होंने बलात्कार किया। क्या वो रेपिस्ट हैं।

क्या उन्होंने लालू के परिवार पर कोई दाग लगाया। यहां कोई समाज का ठेकेदार बन रहा है, तो वो गलत है। जो हमारी बहन के चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें समय जवाब देगा।

मधुमक्खियों का हमला

## मिर्जापुर में दौड़ा-दौड़ाकर काटा, ग्रामीणों ने आग जलाकर जान बचाई

# मधुमक्खियों के हमले में 54 दरोगा घायल, 4 गंभीर

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में मधुमक्खियों ने 54 ट्रेनी दरोगा को दौड़ा-दौड़ाकर काटा। गांव के लोगों ने आग और कंबल से मधुमक्खियों को भगाया। इसके बाद सभी घायलों को मड़िहान सीएचसी पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। सभी ट्रेनी दरोगा घायल हैं, 4 की हालत गंभीर है। कानपुर रेंजर राजेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में ट्रेनी दरोगा की टीम मिर्जापुर पहुंची है। घटना के समय सभी ट्रेनी दरोगा मड़िहान में झरीनगर पौधशाला का निरीक्षण करके लौट रहे थे। तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा।



### अब पढ़िए पूरा मामला...

घटना को लेकर रेंजर देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि कानपुर से ट्रेनी वन दरोगाओं की टीम आई है। मंगलवार सुबह टीम ट्रेनिंग के लिए झरीनगर स्थित वन पौधशाला पर पहुंची। करीब 11 बजे यह टीम वापस लौट रही थी। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।

आशंका है कि जिस समय ट्रेनी दरोगा पौधशाला के पास खड़े थे। उसी समय किसी चिड़िया ने मधुमक्खी के छत्ते पर चोंच मार दी, जिसके चलते मधुमक्खियों ने काटना शुरू किया। सोमवार को इस टीम ने चंदन वन का भ्रमण किया था। नई भर्ती के तहत कानपुर में वन दरोगा की ट्रेनिंग चल रही है।

### सीएचसी में 1 घंटे चला इलाज

पौधशाला पर मौजूद कर्मचारियों और ग्रामीणों ने आग जलाकर और कंबल से मधुमक्खियों को भगाया। मड़िहान सीएचसी में करीब एक घंटे इन्हें भर्ती रखा गया। इसके बाद सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हमले में सुजीत सिंह, सुशील कुमार, राम सिंह यादव, नवदीप, राजेंद्र, विवेक, आशीष कुमार मिश्र, अभिषेक और अमित समेत कई ट्रेनी दरोगा घायल हैं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम वर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद रेंजर राजेंद्र समेत 4 को गंभीर स्थिति में ट्रॉमा सेंटर रेफर किया।

घटना के बाद मुख्य वन संरक्षक अरविंद राज मिश्र ने सीएचसी मड़िहान पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
बुधवार 28 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# 'ऑपरेशन सिंदूर' : ये संयोग नहीं, सियासी प्रयोग है!



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान — 'ऑपरेशन सिंदूर में हमारी पराक्रमी सेना के सटीक प्रहार से पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर हो गया' — जैसे ही देशवासियों तक पहुँचा, सोशल मीडिया से लेकर टीवी चैनलों तक यह गूंज उठा। लेकिन इस शोर में एक बड़ा सवाल दब गया- क्या यह सैन्य उपलब्धि है, या चुनावी नैरेटिव का नया अध्याय ?

हर बार जब-जब देश चुनाव के दौर से गुजरता है या राजनीतिक जमीन दरकने लगती है, 'राष्ट्रवाद' नामक तुरुप का पत्ता खेला जाता है। कभी 'सर्जिकल स्ट्राइक', कभी 'एयरस्ट्राइक', और अब 'ऑपरेशन सिंदूर'। इन सभी घटनाओं की घोषणाएं कभी सेना मुख्यालय से नहीं, बल्कि चुनावी मंचों से होती हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि देश की जनता को इतने महत्वपूर्ण ऑपरेशन की जानकारी किसी रक्षा मंत्रालय या प्रेस कॉन्फ्रेंस से नहीं मिलती, बल्कि सीधे मोदीजी के भाषण से — और वह भी तब जब देश की नई सरकार गठन के बाद पहले ही राजनीतिक समीकरणों में उथल-पुथल मची हुई है।

यह संयोग नहीं है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे शब्द का इस्तेमाल एक ऐसे समय पर हुआ है जब सत्ता पक्ष विपक्ष की बढ़ती आक्रामकता से घिरा हुआ है। सैनिकों की वीरता को 'मेकअप' की तरह पेश करके उस पर 'सिंदूर' लगाना, क्या यह एक गंभीर राष्ट्र के लिए शोभा देता है ?

भारतीय सेना की ताक़त शब्दों से नहीं, कर्म से पहचानी जाती है। वह कभी मीडिया कवरेज के लिए नहीं लड़ती, वह भारत माता की रक्षा के लिए लड़ती है। परन्तु जब किसी नेता के शब्दों में सेना का पराक्रम केवल 'इवेंट' बन जाए, तो यह केवल विपक्ष नहीं, हर जागरूक नागरिक का हक़ बनता है कि वह सवाल करे :

### क्या हम सेना का इस्तेमाल सियासी पोस्टरों पर कर रहे हैं?

सत्ता की भूख अगर इतनी बढ़ जाए कि सीमा पर शहीद हुए जवानों की कुर्बानियों को भी प्रचार का औज़ार बना दिया जाए, तो यह लोकतंत्र के लिए ख़तरे की घंटी है।

### आज देश को ज़रूरत है सोचने की —

सेना का सम्मान तालियों से नहीं, सच्चे व्यवहार से होता है।
और सबसे बड़ा सम्मान यह है कि उसे राजनीति से दूर रखा जाए।




# आत्महत्या करने वाले सभी छात्रों की सोचें

अशोक मधुप

आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं।

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा में हुई छात्रों की मौत पर सुनवाई की। इन पर चिंता जाहिर की। स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई, जबकि अकेले कोटा ही नहीं देशभर के छात्रों की मौत पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन मौत की जांच होनी चाहिए। देशभर के छात्रों की आत्महत्या और इनको रोकने पर विचार होना चाहिए।



स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, %कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं ? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं ? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया ?% सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

चार मई को एनइइटी एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। चार मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छह मई को स्वतः संज्ञान लिया था।

आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं। वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपए दो दिन में जमा कराएं।

बात पिछले सालों की करें, तो साल 2024 में कोटा में रहने वाले 17 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। पिछले साल जनवरी के महीने में 2 और फरवरी के महीने में 3 सुसाइड हुए थे। वहीं साल 2023 में कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के कुल 26 मामले सामने आए थे।

एमपी सुसाइड प्रिवेंशन टास्क फोर्स के मेंबर और साइकेट्रिस्ट डॉ सत्यकांत त्रिवेदी ने कोटा में हो रहे स्टूडेंट सुसाइड को लेकर कहा, 'किसी भी आत्महत्या का कोई एक कारण नहीं होता।

वही एग्जाम सभी बच्चे दे रहे होते हैं। ऐसे में सुसाइड के लिए मिले-जुले फैक्टर्स जिम्मेदार होते हैं। इसमें जेनेटिक्स कारण, सामाजिक कारण, पियर प्रेशर, माता-पिता के एक्सपेक्टेशन्स, शिक्षा तंत्र सब शामिल है।

डॉ त्रिवेदी कहते हैं कि कहीं न कहीं हम बच्चों को ये सिखाने में नाकामयाब हो जाते हैं कि स्ट्रेस, रिजेक्शन या फेलियर से कैसे डील करना है। आज बच्चा ये मानने लगा है कि उसका एकेडमिक अचीवमेंट उसके एग्जिस्टेंस से भी बड़ा है। बच्चा तैयारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जीवन छोड़ने के लिए तैयार है।

सोसायटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को बहुत ज्यादा महिमामंडित कर दिया है जिसकी वजह से बच्चा ये महसूस करता है कि मैं पूर्ण तभी हो सकूंगा जब कोई एग्जाम क्रैक कर लूंगा।

देश में आत्महत्या के हर साल आने वाले मामलों में छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की थी, जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। भारत युवाओं का देश है।

यहां की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी युवा है, लेकिन, अब इसी देश में हर 40 मिनट में एक युवा अपनी जान दे रहा है। ये आंकड़े स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट की ओर से जारी किए गए हैं। दरअसल, देश में हर दिन 35 से ज्यादा छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। साल 2018 से 2022 तक देश में 59,153 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट, आईसी थ्री की साला कॉन्फ्रेंस में साझा की गई। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। आईसी- 3 एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है जो पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जहां आत्महत्या की दर हर साल दो फीसदी की दर से बढ़ रही है, वहीं छात्रों में आत्महत्या की दर चार फीसदी की दर से हर साल बढ़ रही है। यानी देश में आत्महत्या के जितने मामले हर साल आते हैं, उनमें छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी, जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या की।

छात्रों की आत्महत्या के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग वजहें हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में सिर्फ एक वजह है। ये वजह है मेंटल हेल्थ। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 15 से 24 साल का हर सात में से एक आदमी खराब मेंटल हेल्थ की समस्या से जूझ रहा है।

सबसे बड़ी बात तो ये है कि लोग अपनी मेंटल हेल्थ की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते, यूनिसेफ के इस सर्वे में ही जितने लोगों ने भाग लिया, उसमें से सिर्फ 41 फीसदी लोग ही अपनी मानसिक समस्या के समाधान के लिए काउंसलर के पास गए। यानी 59 फीसदी लोगों ने इस समस्या को जैसे का तैसा छोड़ दिया।

देश को चाहिए कि वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों की कोई प्रदेश स्तर पर ऐसी कोई संस्था बनाए तो तकनीकि शिक्षा के लिए कोचिंग करने वालों और तकनीकि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं के मानसिक स्तर की समय-समय पर जांच करे।

उनकी कोंसलिंग करे। उनकी समस्याओं पर विचार कर छात्र-छात्राओं का सही मार्ग दर्शन करे, ताकि वह आत्महत्या न कर, विपरीत परिस्थिति से संघर्ष करना सीखें।

उन्हें जीवन जीने की कला सिखाई जाए। अगर विशेषज्ञ समझें तो कोचिंग करने वाले और तकनीकि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को मेडिटेशन या ध्यान से भी जोड़ा जा सकता है। इससे युवाओं में विषय के प्रति एकाग्रता बढ़ेगी।

चिंतन शक्ति का विकास होगा। निगेटिव विचार कम होंगे। ये मेडिटेशन या ध्यान उन्हें पूरे जीवन के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# न्याय की भाषा में बदलाव की दस्तक

बीते 14 मई को राष्ट्रपति भवन में हिंदी के प्रयोग ने एक नया इतिहास रच दिया। देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक बन गया। उन्होंने हिंदी में शपथ लेकर एक नई परंपरा की शुरुआत की। अब तक सभी मुख्य न्यायाधीश अंग्रेज़ी में ही शपथ लेते रहे हैं।

देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री जैसी प्रमुख हस्तियां पहले से ही हिंदी में शपथ लेती रही हैं, लेकिन न्यायपालिका का सर्वोच्च पद अब तक इससे अछूता था। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले न्यायमूर्ति गवई ने हिंदी में शपथ लेकर उस परंपरा को तोड़ा और न्यायपालिका में अब तक उपेक्षित रही हिंदी को सम्मान दिया। उनके इस निर्णय का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। अपने शपथ ग्रहण में मातृभाषा का प्रयोग कर न्यायमूर्ति गवई ने देश के करोड़ों हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को एक नई उम्मीद से भर दिया है। लोगों को आशा है कि उनके नेतृत्व में न्यायपालिका में हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान और स्थान प्राप्त होगा।

यह विडंबना ही है कि छह वर्ष पूर्व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अदालतों में हिंदी में सुनवाई की अनुमति दी जा चुकी है, जबकि भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका आज भी अंग्रेज़ी तक ही सीमित है। न्यायमूर्ति गवई से अपेक्षाएं इसलिए भी हैं क्योंकि उनके पद में महत्वपूर्ण अधिकार निहित हैं। मुख्य न्यायाधीश की सहमति के बिना किसी भी उच्च न्यायालय में कार्यवाही की भाषा स्थानीय नहीं बन सकती। संविधान के अनुच्छेद 348(1)(ए) के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट और सभी हाईकोर्ट की कार्यवाही अंग्रेज़ी में ही की जाएगी। हालांकि, इसी अनुच्छेद के भाग (2) में यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राज्य अपनी राजभाषा में न्यायिक कार्य करना चाहता है, तो राज्यपाल राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर संबंधित हाईकोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या राज्य की अन्य आधिकारिक भाषा के प्रयोग की अनुमति दे सकता है। राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 में भी इसी तरह का प्रावधान किया गया है। इसके तहत राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उच्च न्यायालय के निर्णय या आदेशों के लिए अंग्रेज़ी के साथ-साथ हिंदी या राज्य की अन्य राजभाषा के प्रयोग को अनुमति दे सकता है। दुर्भाग्यवश, इन संवैधानिक और विधिक प्रावधानों के बावजूद, आज तक इनका उपयोग बहुत सीमित रहा है।

संविधान के प्रावधानों के तहत हिंदी को 26 जनवरी, 1965 से राजभाषा के तौर पर पूरे देश में कामकाज करने की अनुमति मिलनी थी। लेकिन इसके खिलाफ तीखे विरोध के साथ तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति मैदान में कूद पड़ी थी। हालांकि, जब उसे अहसास हुआ कि गणतंत्र दिवस पर ऐसा करना उचित नहीं होगा तो एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को उसने ऐसा किया। राजभाषा को लेकर होते रहे ऐसे विवादों की वजह से राजभाषा नीति पर विचार के लिए मंत्रिमंडल समिति का गठन किया गया।

जिसने 21 मई, 1965 की अपनी बैठक में यह तय किया कि हाईकोर्ट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा के प्रयोग से संबंधित प्रस्ताव पर देश के मुख्य न्यायाधीश की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। भारतीय भाषा प्रेमियों की नजर में यह प्रावधान भारतीय भाषाओं की न्याय की भाषा बनने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। सांविधानिक प्रावधान के अंतर्गत हिंदी में कामकाज की अनुमति सबसे पहले राजस्थान को हासिल हुई, जिसे हिंदी में कार्यवाही की अनुमति 1950 में मिली।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3543



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो -3542 का हल



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा, 'मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.' क्षण भर रुककर वह बोला, 'और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.'

'लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?' लड़की ने चकित स्वर में कहा, 'मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.'

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली, 'घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...'

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, 'भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...'

तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली, 'सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?'

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा, 'इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...'

'ओह !' पत्नी बोली, 'तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3543



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3542



## सूडोकु -3543

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3542 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 3543



**बाएँ से दाएँ**

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली -3542 का हल



# नोएडा-लखनऊ में कोरोना के सात नए मरीज मिले

## चेन्नई से लौटा युवक संक्रमित, बाकी पेशेंट की ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं; अब यूपी में 23 केस

**नोएडा।** यूपी में कोरोना मरीजों की संख्या 23 पहुंच गई है। मंगलवार को नोएडा में 6 और गाजियाबाद-लखनऊ में एक-एक नए केस मिले। अब सिर्फ नोएडा में कोरोना के कुल 15 पॉजिटिव पेशेंट हो गए हैं। सोमवार को नोएडा में 8 और रविवार को एक केस मिले थे। इसके अलावा गाजियाबाद में कोरोना के 4 मरीज मिले थे। दो केस अन्य जिलों में रिपोर्ट हुए थे। लखनऊ में कोरोना का ये पहला मामला मिला है। नोएडा के सीएमओ नरेंद्र कुमार ने बताया- कोरोना के नए मरीजों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। सेक्टर-119 निवासी 43 साल का एक मरीज 21 मई को चेन्नई से आया है। अन्य सभी मरीज नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ही थे। इनकी उम्र 24 से 71 साल के बीच है।

लखनऊ सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि अलीगंज निवासी बुजुर्ग मरीज करीब 10 दिन पहले धार्मिक यात्रा पर गए थे। इस बीच उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें पिछले हफ्ते SGPGI में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इस बीच उनका सैंपल जांच के लिए



भेजा गया था। आज उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

### योगी ने कहा- चिंता की कोई बात नहीं

सीएम योगी ने 22 मई को कोविड-19 के नए सब वेरिएंट जेएन 1 के बढ़ते मामलों के बीच हाईलेवल बैठक की थी। उन्होंने यूपी में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की थी। सीएम ने कहा था कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

गाजियाबाद के बृज विहार की 18 वर्षीय युवती को खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी। जांच में कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली थी।

वहीं, वसुंधरा में रहने वाले एक दंपती 13 मई को बेंगलुरु से लौटे थे, दोनों को खांसी और बुखार की शिकायत थी। उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। जबकि वैशाली की 37 वर्षीय महिला को भी चार-पांच दिन से खांसी-जुकाम था।

डॉक्टर की सलाह पर कराई गई जांच में वह भी कोविड पॉजिटिव पाई गई, जिसे होम आइसोलेशन में रखा गया है।

## ग्रेटर नोएडा में स्कूल बस कंडक्टर की मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक स्कूल बस कंडक्टर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल की बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत था। घटना दोपहर की है जब स्कूल स्टाफ ने पार्किंग फुल होने के कारण बस को स्कूल के बाहर सड़क पर खड़ा किया। बस से खराबी की आवाज आने पर चालक ने मुकेश को नीचे जाकर जांच करने को कहा। जैसे ही मुकेश बस के नीचे गया, चालक ने अचानक वाहन चला दिया। इस दौरान मुकेश बस के नीचे आ गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के चाचा सचिन पाल ने स्कूल प्रशासन और बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इनकी लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ। मुकेश मूल रूप से बदायूं जिले का रहने वाला था और लंबे समय से ग्रेटर नोएडा के फेस-2 में रह रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बस को कब्जे में ले लिया गया है और चालक को हिरासत में लिया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा मेट्रो के एक्सटेंशन रूट का किया महुआ में प्रजेंटेशन

### ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक होना है विस्तार, 416 करोड़ होंगे खर्च , बनेंगे दो स्टेशन

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो की ग्रेटरनोएडा डीपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित योजना का सोमवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय , भारत सरकार (महुआ) के सामने प्रजेंटेशन दिया। हालांकि एनएमआरी के अधिकारी बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 एक्सटेंशन लाइन की तैयारी भी करके गए थे।

बताया गया कि बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 की लाइन पर दो से प्रश्व और आए है जिनका जवाब दिया गया है। इसके बाद इस लाइन का प्रेजेंटेशन होगाञ

### अगले महीने मिल सकती है मंजूरी

केंद्र सरकार से अगले महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसलटेंट की नियुक्ति करेगा।

इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है।

### ग्रेनो डिपो से बोडाकी तक बनेंगे दो स्टेशन

ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। डीएमआईसी मेट्रो रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा।

### प्रोजेक्ट की बताई गई वायबिलिटी

एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि महुआ में बोडाकी रुट पर प्रजेंटेशन किया गया। जिसमें रूट की वायबिलिटी से लेकर डीपीआर तक की जानकारी दी गई।

उम्मीद है जल्द ही केंद्र सरकार की ओर से लाइन को हरी झंडी दी जाएगी। बता दे ये लाइन मल्टीमॉडल ट्रांजिक्ट हब (एमएमटीएच) के लिए भी है। उम्मीद है कि जल्द ही बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो को भी फाइल कर दिया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### पत्नी को मोबाइल पर बात करने से रोका: भाइयों को बुलाकर पति की पिटाई कराई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पति को उसकी पत्नी के भाइयों ने डंडों से पीटा। पीड़ित का जिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार रात की है। पीड़ित के पिता की शिकायत के अनुसार, उनकी पुत्रवधु लंबे समय से किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बातें करती थी। परिवार ने कई बार उसे ऐसा करने से मना किया। लेकिन वह नहीं मानी। सोमवार रात पति ने फोन पर बात करने से रोका। इससे नाराज होकर महिला ने अपने भाइयों को बुला लिया। भाइयों ने पति की डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। तीन दिन से उनका जिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत मिल गई है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चाइनीज मांझे से युवक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नेशनल हाईवे 19 पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक नवविवाहित युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव फलैदा निवासी मोनू (19) के रूप में हुई है। घटना रविवार रात पलवल जिले के होडल थाना क्षेत्र में डबचिक रिसॉर्ट के पास हुई। मोनू अपनी पत्नी पायल के साथ बाइक से वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था। रास्ते में अचानक उसकी गर्दन में पतंग का मांझा फंस गया। इससे दोनों हाईवे पर गिर गए। मोनू की गर्दन कटने से मौके पर ही मौत हो गई। पायल गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोनू किसान धर्मपाल सिंह का इकलौता बेटा था। उसकी शादी करीब दो महीने पहले हरियाणा के छायँसा की रहने वाली पायल से हुई थी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इकलौते बेटे की मौत से परिजन सदमे में हैं।

### इंजीनियर समेत दो से फोन छीने

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थान से बाइक सवार बदमाशों ने एक इंजीनियर और एक युवती से मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ निवासी मनमोहन सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 के ए ब्लॉक स्थित एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। यहीं एक पीजी में रहते हैं। 20 मई को रात नौ बजे वह कार्यालय से निकले और ई-रिक्शा में सवार होकर पीजी जा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने लुटेरों की का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध करवाया है।वहीं, प्रदीप कुमार वेदवाल ने पुलिस को बताया कि वह धवल गिरि अपार्टमेंट में रहते हैं। उनकी बेटी 14 मई की दोपहर करीब दो बजे सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन से उतरकर अपने घर जा रही थीं। तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया।

### निवासियों ने स्ट्रक्चल ऑडिट की मांग की

**नोएडा।** तेज आंधी और बारिश की वजह से ग्रेटर नोएडा में एक महिला और बच्चे की मौत के बाद से अन्य सोसाइटियों में भय का माहौल व्याप्त है। अधिकतर हाईराइज सोसाइटियों में एक्सपेंशन ज्वाइंट की समस्या होने पर बेसमेंट में लगातार पानी का रिसाव होता रहता है। इससे बेसमेंट के पिलर कमजोर हो रहे हैं। उनके प्लास्टर झड़ रहे हैं और सरिये बाहर निकल रहे हैं। निवासियों का कहना है कि यदि बेसमेंट ही मजबूत नहीं होगा तो ऊपरी टावरों को खतरा बना रहेगा। समस्या के निस्तारण के लिए सोसाइटी निवासियों ने स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की है। सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी का हाल तेज आंधी पानी में सामने आ चुका है।सोसाइटी के फ्लैट की खिड़कियां और शीशे तक बाहर निकल आए थे। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ है।

### गाजियाबाद में किसानों की बिजली मांग

**मोदीनगर।** मोदीनगर में आंधी-तूफान के छह दिन बाद भी एक दर्जन से अधिक गांवों में खेतों की बिजली आपूर्ति बाधित है। इस समस्या को लेकर कस्बा निवाड़ी में किसानों ने पंचायत की। भाकियू किसान सभा की पंचायत में राष्ट्रीय संरक्षक सतेन्द्र त्यागी ने अध्यक्षता की। नगर अध्यक्ष नरेन्द्र त्यागी ने संचालन किया। सतेन्द्र त्यागी ने बताया कि कस्बा निवाड़ी, खिदौड़ा, झलावा, डबाना, सुहाना, उजैड़ा, भनेड़ा, ग्यासपुर समेत कई गांवों में खेतों की बिजली आपूर्ति ठप है। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले 24 घंटे में बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो निवाड़ी बिजली सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभासद मांगेश्वर, जगदीश कुमार, अमित गिरि, राज प्रकाश त्यागी, जयभगवान, सुबोध, निक्कू त्यागी, कपिल गर्ग सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डीएम दीपक मीणा ने आज मंगलवार दोपहर को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने एकल मार्ग और अन्य ऑफिसों के बारे में भी जानकारी ली। यातायात व्यवस्था पर नाराजगी जताई और एसीपी ट्रैफिक को कड़े निर्देश दिए कि अवैध तरीके से वाहनों को पार्क न होने दिया जाए। डीएम दीपक मीणा ने पहले जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान प्रार्थियों के द्वारा राजस्व, विद्युत, नगर निगम, जीडीए, पुलिस विभाग, पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभ लेने संबंधित आवेदन व शिकायतें देखीं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हर शिकायत या आवेदन का त्वरित संज्ञान लेने हुए समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह भी उपस्थित रहे। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर नाराजगी व्यक्त की। एसीपी ट्रैफिक से कहा कि कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से जिला न्यायालय के मुख्य गेट तक कोई भी वाहन किसी भी परिस्थिति में खड़ा ना किया जायें।

# ग्रेटर नोएडा में हॉस्पिटल की लिफ्ट में 16 लोग फंसे

### 30 मिनट तक अटकी रही जान, मदद के लिए चिल्लाते रहे लोग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के यथार्थ हॉस्पिटल में देर रात लिफ्ट दूसरे फ्लोर पर बंद हो गई। करीब 30 मिनट तक लोग फंसे रहे। कई बार हॉस्पिटल प्रबंधन और सुरक्षाकर्मियों से बात की। लेकिन, कोई मदद नहीं मिल पाई। बाद में हॉस्पिटल प्रशासन ने चाबी से लिफ्ट खोलकर सभी को बाहर निकाला।

इस दौरान कई लोगों की सांस फूलने लगी। लिफ्ट में फंसे लोगों में बीमार, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष शामिल थे। घटना का वीडियो सामने आया है। 26 मई का बताया जा रहा है। वीडियो में एक युवक दिख रहा है। जो पीली टीशर्ट पहने हुए है। वो कह रहा-ये वीडियो यथार्थ अस्पताल का है। यहां लिफ्ट फंस गई है। हम लोग 30 मिनट से परेशान हैं। इमरजेंसी नंबर पर कॉल कर रहे हैं। लेकिन, कोई सुन नहीं रहा है। हम लोग किस दिक्कत में है। क्या ही बताएं। हमारे साथ कई मरीज हैं। लेकिन, अभी तक कोई मदद नहीं मिली। हमारे साथ कुल 16 लोग हैं।

# नोएडा में प्रदूषण साफ करने में कारगर नहीं मिस्ट स्प्रे

## पायलट प्रोजेक्ट में नहीं दिखा रिजल्ट, मुख्य सड़कों पर नहीं लगाए जाएंगे स्प्रे

**नोएडा।** नोएडा में लगाए गए मिस्ट स्प्रे वायु प्रदूषण को कम करने में कारगर नहीं है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत डीएससी रोड पर इनको लगाया गया था। ये मिस्ट स्प्रे पानी की फुआर को छोड़ते है।

लेकिन हैवी ट्रैफिक और तेज हवा के कारण ये पार्टिकुलेट मैटर यानी धूल के कणों को सतह तक नहीं दबा पा रहे। इसलिए प्राधिकरण अब अन्य सड़कों पर इनको नहीं लगाएगा। पहले फेज में 700 मीटर के स्ट्रेच पर इनको लगाया गया था।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि मिस्ट स्प्रे प्रोजेक्ट से जैसी



उम्मीद थी वैसा काम नहीं कर रहे है। इससे धूल के कण सतह पर नहीं बैठ रहे। इस प्रोजेक्ट के तहत अन्य सड़कों पर मिस्ट स्प्रे नहीं लगाए जाएंगे। इसका अन्य विकल्प भी तलाशा जाएगा।

ताकि प्रदूषण और धूल के कणों को वायु मंडल में आने से रोका जा सके।

बता दे मिस्ट स्प्रे पीक आवर में सुबह और शाम तीन-तीन घंटे चलाए जा रहे हैं। एक पोल पर छह मिस्ट स्प्रे नोजल लगे है।

### प्रेशर के साथ पानी की फुहार

प्राधिकरण ने करीब 15 से 20 दिन पहले सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-16 तक करीब 700 मीटर में सेंट्रल वर्ज के पिलर में लगाया गया था।

पहले देखा गया कि पोल पर लगाए गए स्प्रे की ऊंचाई काफी ज्यादा है। हवा की तेज रफ्तार और हैवी ट्रैफिक के चलते मिस्ट स्प्रे धूल के कणों को जमीन पर नहीं बैठा पा रहा है।

धूल के कण वातावरण में है। जबकि स्प्रे सुबह 8 से 11 और और शाम को 6 से 9 बजे तक 10 मिनट के अंतराल पर चलाए जा रहे थे। फिलहाल अब इन स्प्रे को अन्य सड़कों पर नहीं लगाया जाएगा।

### पायलट प्रोजेक्ट पर 50 लाख खर्च

इसे पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लगाया गया है। अभी एक स्ट्रेच पर लगाया गया है। इसके बाद दूसरा स्ट्रेच लगाया जाना था। इसको लगाने में करीब 50 लाख का खर्च किए गए थे।

# पुलिस और मोबाइल चोरों के बीच हुई मुठभेड़

## एक घायल, एक फरार, 4 मोबाइल बरामद

नोएडा। वकार सैफी। थाना फेस-2 क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान की पुलिस और बदमाशो के बीच हुई मुठभेड़ में गोली से घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि बदमाश का साथी पुलिस चकमा देकर फरार होने सफल हो गया। पुलिस फरार बदमाश के तलाश में जुटी है। पकड़ा गया बदमाश शातिर मोबाइल चोर है और उसके पास से चार मोबाइल तमंचा, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस और



एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि थाना फेज-दो की पुलिस टीम ककराला पुस्ता तिराहे पर चैकिंग कर रही थी। उसी दौरान मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति संदिग्ध गुजरे पुलिस ने जांच के लिए रोकने कोशिश की गई, लेकिन वह पुलिस टीम को चकमा देकर सोरखा की तरफ भगाने लगे। पुलिस ने पीछा कर बदमाशो को घेरने सफल रही अपने आप को घिरा देख बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग कर फिर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में दाखिल कराया है। जबकि बदमाश का साथी पुलिस चकमा देकर फरार होने सफल हो गया। पुलिस फरार बदमाश के तलाश में जुटी है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि गिरफ्तार पहचान प्रिन्स



कुमार पुत्र सन्तन कुमार के रुप में हुई है। वह जिला नवादा, बिहार और वर्तमान सलारपुर गांव मे रह रहा था. उसके पास से चार मोबाइल तमंचा, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल प्रिन्स कुमार को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश का अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया जिसकी तलाश हेतु कॉम्बिंग की जा रही है।

# प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में घुसकर कर्मियों पर हमला

**नोएडा।** सेक्टर-तीन स्थित प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में घुसकर महिला-पुरुष कर्मियों को लाठी-डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रॉपर्टी डीलर की ओर से दंपति और उसके पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आनंद सिंह नागर ने पुलिस को बताया कि वह जेडीएस ग्रुप के मालिक हैं। कंपनी का कार्यालय सेक्टर-तीन में है। कंपनी द्वारा 200 गज का भूखंड सेक्टर-पांच स्थित हरौला निवासी प्रीतम नामक व्यक्ति को दिया था। भूखंड के आठ लाख 40 हजार रुपये अब तक प्रीतम पर बकाया है। वह जबरन बिना संपूर्ण भुगतान किए भूखंड पर काबिज होना चाहता है। आरोप है कि 22 मई की शाम प्रीतम, उसकी पत्नी, बेटा और एक अज्ञात व्यक्ति उनके कार्यालय पर आ धमके। आरोपियों के हाथ में लाठी और डंडे थे। आरोपियों ने कार्यालय में तैनात महिला और पुरुष कर्मियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि उन्हें भूखंड पर जल्द कब्जा नहीं मिला तो वह जान से मार देंगे। स्थानीय लोगों के पहुंचने पर आरोपी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चाइल्ड पीजीआई के टेक्नीशियन पर किशोरी ने लगाया छेड़छाड का आरोप

### पुलिस ने हिरासत में लिया, झूठे आरोप में फंसाने बात कहते हुए अस्पताल के कर्मचारी हड़ताल कर धरने पर बैठे

**नोएडा। वकार सैफी।** सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में जांच करवाने पहुंची 17 साल की किशोरी ने जांच करने वाले टेक्नीशियन पर छेड़कानी का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची थाना सेक्टर 20 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टेक्नीशियन को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना रविवार की है जांच की बात कह कर पुलिस टेक्नीशियन को थाने में बैठा रखा है। इसकी जानकारी मिलते ही अस्पताल के कर्मचारियो ने हडताल कर दी उनका कहना है कि टेक्नीशियन को जानबूझकर फसाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी की हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज और अन्य एविडेंस



इकट्ठा किया जा रहे हैं इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बता दे कि चाइल्ड पीजीआई की टेक्नीशियन वारिश को हिरासत में लिए जाने के बाद अस्पताल के तकनीकी कर्मचारी और ढाई सौ के करीब नर्सिंग स्टाफ हड़ताल पर चले गए हैं, वह अस्पताल परिसर में ही धरने पर बैठे हैं और नारेबाजी कर रहे है। उनका कहना है कि पुलिस उनके साथी को ऑन ड्यूटी उठा कर ले गई है और कल रात से थाने पर बिठाया हुआ है, इसमें अस्पताल प्रशासन हमारी सपोर्ट नहीं कर रहा है। जबकि टेक्नीशियन 10 सालों से यहां काम कर रहा था उसके खिलाफ एक भी कंप्लेंट नहीं है, उसे झूठे आरोप लगाकर फंसाया जा रहा है।

टेक्नीशियन वारिश के साथ काम करने वाले टेक्निकल ऑफीसर हिमांशु पांडे का कहना है कि वारिस पर गलत आरोप लगाया जा रहा है। हम 10 साल से एक साथ काम कर रहे हैं, ऐसा कुछ नहीं हुआ है और पूरे अस्पताल में कोई भी नहीं कह सकता कि उसने ऐसा कुछ गलत किया होगा।

## विवाद में पीजी संचालक और उसके भाई को पीटा

**नोएडा।** रायपुर गांव में मामूली विवाद में तीन लोगों ने साथी के साथ मिलकर पीजी संचालक और उसके भाई को पीट दिया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर पीजी संचालक को जान से मारने की धमकी भी दी। सेक्टर-126 पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में रायपुर गांव में रहने वाले भूपेंद्र चौहान ने बताया कि वह बिल्लू ट्रक मार्केट में पीजी किराये पर लेकर संचालित करते हैं। रविवार को रात साढ़े ग्यारह बजे उनके चचेरे भाई निखिल से अमित चौहान ने शराब के नशे में गाली गलौज की औरजान से मारने की धमकी दी। निखिल ने पीजी पर आकर पूरी बात अपने भाई को बताई। भूपेंद्र ने जब अमित को फोन कर निखिल के साथ गाली गलौज करने की वजह पूछनी चाही तो उसने फोन काट दिया।

# अंसल गोल्फ लिंक-2 में करंट से जयदेव की मौत

## आरडब्लूए ने बिल्डर को ठहराया ज़िम्मेदार, सूरजपुर पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता विशेष

**ग्रेटर नोएडा।** अंसल गोल्फ लिंक-2 हाउसिंग सोसायटी में बीते सोमवार को करंट लगने से एक इलैक्ट्रिशियन की मौत हो गई। मृतक की पहचान जयदेव, निवासी सिकंदरपुर सरवनखेड़ा (कानपुर देहात) के रूप में हुई है, जो पिछले एक दशक से अधिक समय से सनराइज एस्टेट मैनेजमेंट कंपनी में कार्यरत था और वर्तमान में अंसल सोसायटी में तैनात था।

घटना उस वक्त घटी जब सोसायटी में एक पैनल की खराबी को दुरुस्त करने के लिए जयदेव उसे ठीक कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली की आपूर्ति बंद नहीं की गई थी और जयदेव को सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए गए थे। करंट लगने के बाद स्थानीय लोग और सोसायटी स्टाफ आनन-फानन में उसे



अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही स्थिति बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मैनेजर मौके से भागा, परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

मृतक की पत्नी सोनम का कहना है कि जब हादसा हुआ, तब कंपनी का मैनेजर और सोसायटी का माली उसे अस्पताल ले जाने में शामिल थे, लेकिन बीच रास्ते में कंपनी का मैनेजर फरार हो गया। उन्होंने अंसल बिल्डर और मैनेजमेंट कंपनी दोनों को पति की मौत के लिए ज़िम्मेदार ठहराया है।

### सवाल उठाता हादसा

यह हादसा न सिर्फ एक मजदूर की जान लेने वाला हादसा है, बल्कि हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में सुरक्षा मानकों की खुली धज्जियाँ उड़ाए जाने की एक मिसाल भी बन गया है। सवाल यह भी उठता है कि क्या बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स में काम करने वाले मजदूरों की ज़िंदगी इतनी सस्ती है कि उन्हें बिना किसी सुरक्षा उपाय के जान जोखिम में डालकर काम करना पड़े?

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एफआईआर की तैयारी

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने के बाद मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### बिल्डर की अनदेखी, आरडब्लूए अध्यक्ष ने उठाए सवाल

रहीसराम भाटी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, ने बताया कि सोसायटी में बिजली के पैनल लंबे समय से जर्जर हालत में हैं और कई जगह खुले तारों के बीच मेंटेनेंस कराया जा रहा है। हमने कई बार अंसल प्रबंधन को अवगत कराया कि ऐसी व्यवस्था में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जयदेव की मौत बिल्डर की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है।

# बांके बिहारी कॉरिडोर अध्यादेश पर यूपी सरकार से जवाब तलब

## सेवायतों ने चुनौती दी; सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये कानून के ब्रेक डाउन जैसा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में नया मोड़ आया है। मंदिर के सेवायतों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

जस्टिस नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा- यह कानून का पूरी तरह से ब्रेक डाउन जैसा है। कोर्ट ने यूपी सरकार को निर्देश दिया कि 26 मई को जारी अध्यादेश की कॉपी और प्रोजेक्ट की पूरी रूपरेखा हलफनामे के साथ 29 जुलाई तक कोर्ट में पेश की जाए।

### सेवायतों की आपत्ति- हमें पक्षकार क्यों नहीं बनाया गया?

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मंदिर की निजी संपत्ति और फंड का इस्तेमाल सरकार कैसे कर सकती है, जबकि इस पूरे मामले में सेवायतों और मंदिर प्रबंधन समिति का पक्ष सुना ही नहीं गया। हाईकोर्ट ने उन्हें पक्षकार नहीं बनाया।

इसके साथ ही कोर्ट कॉरिडोर के निर्माण और इसमें मंदिर फंड के इस्तेमाल के आदेश से जुड़े मामले में मंदिर सेवायत की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया। अब अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

### कपिल सिब्बल ने कहा- सरकार बिना सहमति के मंदिर कोष लेना चाहती है

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कहा- मंदिर की जमा पूंजी और निजी संपत्ति का इस्तेमाल इस प्रकार नहीं किया जा सकता। हमें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाए। सरकार बिना सहमति के मंदिर कोष लेना चाहती है और मंदिर के पैसे से जमीन खरीदना चाहती है।





### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सीधे याचिका दाखिल क्यों की गई?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर किसी को उसके फैसले से आपत्ति है, तो पुनर्विचार याचिका दाखिल की जानी चाहिए, इस तरह सीधे याचिका दाखिल नहीं होनी चाहिए थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पक्ष रखने की अनुमति दी और सरकार से पूछा कि इतनी जल्दी क्या थी?

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मंदिर कॉरिडोर को लेकर 26 मई के अध्यादेश की कॉपी और प्रोजेक्ट की रूपरेखा का हलफनामा मांगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को नए अध्यादेश के मुताबिक काम करने की इजाजत दे दी है।

### यूपी सरकार ने कहा- हम फंड का इस्तेमाल नहीं करेंगे

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- अध्यादेश में ट्रस्ट को कॉरिडोर निर्माण का जिम्मा सौंप दिया गया है। राज्य सरकार खुद फंड का इस्तेमाल नहीं करेगी। कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि भी देवता के नाम पर ही होगी। सरकार का उस पर न कोई नियंत्रण होगा न भूमिका। मंदिर के प्रबंधन का पूरा जिम्मा भी ट्रस्ट को सौंपा गया है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने 15 मई के अपने आदेश में कहा था कि कॉरिडोर के लिए जमीन ली जाए, वह मंदिर के कोष से ली जा सकती है। लेकिन, वह जमीन बांके बिहारी जी के नाम से ली जाएगी।

इस फैसले के विरोध में मंदिर के पुजारी ने मुख्य न्यायाधीश की अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की। इस पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की।

# खबर का असर : मनरेगा योजना के अंतर्गत में चल रहे कार्यों में फर्जी हाजिरी घोटाले पर खंड विकास अधिकारी का चला चाबुक

विशाल इंडिया/ शेर सिंह

**मुरादाबाद ।** जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मुरादाबाद की ग्राम पंचायत ताजपुर माफी, खदाना, इस्लामनगर, काफीयाबाद व अवक्कपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य में किस तरह सचीव और रोजगार सेवक ग्राम प्रधान के द्वारा फोटो से फोटो और एक फोटो से 500 से ज्यादा मजदूरों की फर्जी हाजिरी व सर्दियों के फोटो लगाकर हजारों मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगायी गई थी ।मनरेगा में चल रहे घोटाले को विशाल इंडिया समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर प्रकाशित होने के बाद खंड विकास अधिकारी मुरादाबाद एक्शन में आ गई और मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की हकीकत जानने के लिए उनके द्वारा ग्राम पंचायत में स्वयं जाकर जांचा और परखा गया, जिन ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी को कार्य में खामियां मिली वहां पर खंड विकास अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए मनरेगा योजना के अंतर्गत सभी कार्यों की भुगतान पर रोक लगा दी गई और एमआर को जीरो करा दिया गया, जिन ग्राम पंचायतों की जानकारी होने से पहले भुगतान कर दिए गए हैं।

> हमारे द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं रोजगार सेवक और सचिव एपीओ व टीए को 3 दिन का समय दिया गया है बाकी जहां पर कार्य चल रहे हैं जहां-जहां लापरवाही हुई है वहां के समस्त भुगतान पर रोक लगा दी गई है।
>
> **खंड विकास अधिकारी मुरादाबाद**

उन सभी ग्राम पंचायतों को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार रिकवरी नोटिस जारी किए जाएंगे और घोटाले बाद रोजगार सेवक ग्राम प्रधान से समस्त धनराशि रिकवरी की जाएगी । फिलहाल खंड विकास अधिकारी अब एक्शन में देखने को मिली और घोटाले बाज ग्राम प्रधान,सचिव, रोजगार सेवक के भ्रष्टाचार पर उनका चाबुक चला है जिससे ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवकों में हड़कंप मचा हुआ है ।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0 210/2025 धारा 64(2)(द्व)/123/61(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त- इमरान हाशमी उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 अनवर अली उम्र करीब 38 वर्ष नि0 तालाबपुरा कस्बा व थाना महरौनी जनपद ललितपुर को बस स्टैण्ड के पास, कस्बा व थाना महरौनी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त इमरान हाशमी उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र निरीक्षक निर्भयचन्द्र का. मुकेश कुमार का. सतीश कुमार आदि शामिल रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मै0 सरदार जी पेस्टीसाइड्स स्वार, मै0 किसान एग्रो ट्रेडर्स मिलक खानम, मै0 संदीप एण्ड ब्रदर्स मिलक खानम, मै0 नवजोत एग्रो सेल्स मिलक खानम, मै0 आर. के. पेस्टीसाइड्स स्वार, मै0 तराई फर्टीलाइजर्स एवं मै0 जावेद एग्रो बिहारीनगर स्वार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों से



उर्वरक के 04 नमूने ग्रहीत किये। ग्रहीत किये गये नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान पर उर्वरकों का अवैध भण्डारण एवं उर्वरकों की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर होती हुई नहीं पायी गयी। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराये। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है, तो कृषक अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

# पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** नाराहट वारंटियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के कुशल निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित अभियुक्त/वारण्टीगण की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा पांच वारण्टीयों को अभियुक्तगण नन्दू पुत्र हल्का उम्र करीब 62 वर्ष सम्बन्धित केश नं0 2609/2020 धारा 323/504/506 भादवि थाना नाराहट ललितपुर, भस्सू पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 35 वर्ष सम्बन्धित केश नं0 440/07 धारा 323/325/504 भादवि थाना नाराहट ललितपुर भरतराम पुत्र



तुलसी राम कुर्मी उम्र करीब 55 वर्ष व लखन पुत्र लटकन कुर्मी उम्र करीब 45 वर्ष सम्बन्धित केश नं0 6269/2023 धारा 323/504/506/452 आईपीसी थाना नाराहट ललितपुर, जुगला पुत्र हलके उम्र करीब 58 वर्ष सम्बन्धित केश नं0 4376/2006 धारा 323/504 भादवि थाना नाराहट को नियमानुसार गिरफ्तार कर, सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उ.नि. वीरेन्द्र सिंह उ.नि. खूबेलाल हे.का. प्रवेन्द्र सिंह का. शाश्वत शुक्ला का. सुजीत पटेल आदि शामिल रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ याचिका खारिज

**वाराणसी।** राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को वाराणसी कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। कोर्ट में याचिकाकर्ता की मेंटेनिबिलिटी पर पहले बहस हुई।

इसके बाद राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को सुनने योग्य नहीं माना गया। आज राहुल गांधी की ओर से एडवोकेट अनुज यादव कोर्ट में मौजूद रहे थे। राहुल गांधी पर भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। 19 मई को जज ने ऑर्डर सुरक्षित रख लिया था।

एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने 12 मई को याचिका में दावा किया कि भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी साल 21 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन पहुंचे थे।

# बाराबंकी में दोस्त को चौथी मंजिल से फेंका

## शराब पिलाकर जेब से 40 हजार रुपए निकाले; मौत की खबर सुन मां बेहोश

**बाराबंकी।** बाराबंकी में दोस्त ने युवक को शराब पिलाकर चौथी मंजिल से फेंक दिया। 50 फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से युवक का सिर फट गया। उसकी चीख सुनकर पिता दौड़कर पहुंचे। उन्हें देखकर तीनों आरोपी वहां से भाग गए।

पिता आनन-फानन में युवक को ठेले से अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां बेहोश हो गईं। पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य फरार हैं।

पिता का कहना है- तीनों आरोपी बेटे को पार्टी के बहाने छत पर ले गए थे। वहां उन्होंने उसे शराब पिलाई और उसकी जेब से 40 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद उसे धक्का दे दिया। घटना कांशीराम कॉलोनी की है।

मोनू (25) कांशीराम कॉलोनी के मकान संख्या 5/75 में तीसरी मंजिल पर अपने परिवार के साथ रहता था। वह ऑटो चलता था। सोमवार को वह काम खत्म करके रात 8 बजे घर आया। कुछ खा-पीकर थोड़ी देर आराम किया। साढ़े 10 बजे उसके तीन दोस्त निहाल, सद्दाम और महताब अली उसके घर आ गए। मोनू के पिता राकेश ने बताया- तीनों ने मोनू को बुलाया। कहा- चलो बहुत दिन हो गए, आज पार्टी करते हैं। तीनों बेटे को लेकर चौथी मंजिल पर गए। जहां इन तीनों ने शराब पी और बेटे को भी पिलाई। मोनू बाथरूम कर रहा था तो इन लोगों ने उसे छत से नीचे धकेल दिया। उसकी जेब से 40 हजार रुपए भी निकाल लिए।

# विभिन्न खाद्य पदार्थों के 07 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर 25 से 27 मई, 2025 तक जनपद में विभिन्न स्थानों पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-।।/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष छापामार अभियान में पनवडिया स्थित दूधिया लखविन्दर सिंह पुत्र गुरमीत्त सिंह से गिश्रित दूध का 01 नमूना लिया गया। लालपुर, टाण्डा स्थित ऑयल एक्सपेलर के नासिर पुत्र चाऊ अली रो सरसों के तेल का 01 नमूना लिया गया। सैदपुर रोड, लालपुर, टाण्डा स्थित रामपुर किंग



फ्लोर मिल के जुबैर अली पुत्र लियाकत अली से आटा का 01 नमूना लिया गया। ग्राम पटिया, मिलक पटवाई रोड स्थित दूधिया महेन्द्रपाल पुत्र राम सिंह से मिश्रित दूध का 01 नमूना लिया गया। दूधिया मोहनलाल पुत्र अतिराम से मिश्रित दूध का 01 नमूना लिया गया। मसवासी चौराहा स्थित सुलेमान पुत्र मो0 साद से फूट बेबरेजज (रासकीक मैंगो) का 01 नमूना लिया गया। पटवाई रोड स्थित दूधिया दिनेश बाबू पुत्र राम स्वरूप से मिश्रित दूध का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 07 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में हत्या के तीन दोषियों को सजा

**मैनपुरी।** मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में तीन दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट चतुर्थ ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। आरोपी आनंद, श्रीकृष्ण और राजेश (तीनों भारत सिंह के पुत्र) पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना 2021 की है। ग्राम नगला खुंडे की एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि इन तीनों ने जमीन विवाद में उसके ताऊ ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के समय आरोपियों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट भी की थी। जिससे कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने पीड़िता की गवाही, मेडिकल रिपोर्ट और जांच अधिकारी द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों के आधार पर यह फैसला सुनाया।

# शाहजहांपुर में 9 अवैध बायोडीजल पंप सील

## 9 टीमों ने एक साथ की छापेमारी, 3200 लीटर डीजल-पेट्रोल जब्त

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में बिना लाइसेंस के चल रहे बायोडीजल पंपों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को मिली शिकायतों के बाद 9 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने एक साथ छापेमारी कर 9 अवैध पंपों को सील कर दिया।

छापेमारी में करीब ढाई हजार लीटर डीजल और 735 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया है। जब्त ईंधन को जांच के लिए भेजा जा रहा है। पंप संचालक आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा सके। जलालाबाद-कटरा मार्ग पर जौराभूड़ में स्थित पंप से 1098 लीटर डीजल और 414 लीटर पेट्रोल मिला। सिंधौली के महान्नदपुर रोड स्थित ताहरपुर गांव के पंप से 1300 लीटर डीजल और 220 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ। तिलहर के राजनपुर में अवैध पंप से 101 लीटर पेट्रोल जब्त किया गया।

बंडा-पुवायां मार्ग पर मुड़िया कुर्मियात रोड के दलेलापुर गांव में पंप से 100 लीटर डीजल मिला। इसके अलावा बंडा से नभीची रोड पर देवकली गांव, सिंधौली थाने के सामने बिलंदपुर रोड पर पिसताला, निगोही रोड स्थित ढकिया तिवारी गांव और तिलहर क्षेत्र में एक अन्य पंप को भी सील किया गया।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौके से मिले सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध पंप संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ऑफिस में बुजुर्ग महिला की फरियाद: एसपी ने त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय की जनसुनवाई में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। एसपी ने उनकी शिकायत का तुरंत संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी । जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस , ललितपुर में आयी । उक्त महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, ललितपुर उक्त महिला के पास आये और सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूँछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया । उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक समस्या का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक, ललितपुर को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया । ललितपुर पुलिस के इस कार्य की मौके पर मौजूद आम जन मानस द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी ।

## प्रयागराज में 200 वकीलों ने थाना घेरा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 6 घंटे से वकीलों का हंगामा जारी है। बिना स्वछ्क्रपूर्व ब्लॉक प्रमुख की अरेस्टिंग पर 200 से ज्यादा वकीलों ने यमुनापार के औद्योगिक थाने को घेर रखा है। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। वकील और पुलिस अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। सोमवार रात को टोल प्लाजा पर हंगामा होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयराज सिंह और उनके 3 साथियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके विरोध में वकील सड़क पर उतरे हैं। हंगामा खत्म कराने के लिए पुलिस और वकीलों के बीच नोकझोंक भी हुई है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयराज भी पेशे से वकील हैं। पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह भी वकीलों के विरोध में शामिल हुए। उन्होंने कहा- भाजपा सरकार में पुलिस की तानाशाही बढ़ती जा रही है। अपराध बढ़ते जा रहे हैं। लगातार वकीलों को मारा जा रहा है। खुलेआम गोली चल रही है। पुलिस पूरी तरह से निरंकुश हो चुकी है। गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा करना चाहिए। जो दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## प्रेमी की हत्या में पति-पत्नी गिरफ्तार

**महोबा।** महोबा के कबरई थाना क्षेत्र में यूट्यूबर हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान हमीरपुर के मौदहा थाना क्षेत्र के रागौल गांव निवासी मनीष उर्फ मंगल के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी महिला सीमा का शादी से पहले मनीष से प्रेम संबंध था। कुछ समय बाद सीमा ने लोकेश नाम के युवक से शादी कर ली। प्रेमी मनीष से शादी के बाद भी सीमा का संपर्क बना रहा। इस बात की जानकारी जब पति लोकेश को हुई, तो दोनों पति-पत्नी ने मिलकर मनीष की हत्या करने की योजना बनाई। सीमा ने मनीष से बात करके मिलने के लिए मंदिर पर बुलाई। योजना के अनुसार, सीमा मनीष को मिलने के लिए बुलाकर कबरई थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा मंदिर के पास ले गई। वहां पहले से मौजूद लोकेश ने सीमा के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मनीष की हत्या कर फरार हो गए। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने इस हत्याकांड की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया था। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद सुरहा गांव के पास से आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## तालाब में नहाने गए दो युवक डूबे

**जालौन।** जालौन के गोहन थाना क्षेत्र में तालाब में नहाने गए दो युवकों के डूबने की आशंका जताई जा रही है। यह घटना मंगलवार दोपहर की है। जब तेज गर्मी के चलते तीन युवक गांव के ही एक तालाब में नहाने गए थे। जानकारी के अनुसार, ग्राम जमरेही सानी निवासी मंजेश कुशवाहा का 13 वर्षीय भांजा अंकित कुशवाहा पुत्र वीर सिंह निवासी रुदावली थाना रामपुरा घूमने आया था। उसके साथ मंजेश का 20 वर्षीय साला राहुल कुशवाहा पुत्र रामकुमार निवासी छौना मानपुरा भी आया हुआ था। दोपहर के समय गर्मी अधिक होने के कारण अंकित, राहुल और गांव के ही एक अन्य युवक मयंक के साथ नहाने के लिए तालाब चले गए। तालाब में नहाते समय अंकित और राहुल गहराई में चले गए और पानी में डूबने लगे। उन्हें डूबता देख मयंक घबरा गया और मदद के लिए तुरंत गांव भागा। गांव में लोगों को सूचना देने के बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और खुद ही दोनों की तलाश में जुट गए। घटना की जानकारी मिलने पर गोहन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुशवाहा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत गोताखोरों को बुलवाया और तलाशी अभियान शुरू कराया।

## राजभर बोले- अखिलेश अपने पिता के नहीं हुए

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा- राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं। मगर इतनी गिरावट नहीं होती, जितनी अखिलेश यादव ने की है। जो अपने बाप का नहीं हुआ, वह किसी का नहीं हो सकता है। अखिलेश ने अपने पिता का कभी सम्मान नहीं किया। वह दूसरे के कैसे हो सकते हैं। राजभर ने कहा कि पहली बार भाजपा सरकार में यूपीएससी परीक्षा पास कर 51 मुस्लिम आईएएस बने हैं। जबकि सपा की सरकार में 86 में से 56 यादव एसडीएम बनाए गए थे। सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग भाजपा का नाम ना लें तो उनका काम ही खत्म हो जाए। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पूरे देश को अपनी सेना पर गर्व है। हमारे देश के जवानों ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है। आज पाकिस्तान खुद इस बात का सबूत दे रहा है। ऐसे में विपक्ष के मुंह पर ताला पड़ गया है।

## आगरा में कोरोना संक्रमित मरीज की मौत

**आगरा।** आगरा में कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हो गई है। सोमवार रात मरीज को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का कहना है कि प्राइवेट लैब की रिपोर्ट को हम नहीं मानते, हमारे यहां वो कोविड सस्पेक्ट था। फिरोजाबाद निवासी 78 साल के मुसाफिर राम कूल्हे के ऑपरेशन कराने के लिए सिकंदरा स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में 24 मई को भर्ती हुए थे। 15 दिन से उन्हें बुखार और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हॉस्पिटल ने प्राइवेट लैब में उनकी जांच कराई थी। 26 मई को मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मरीज को देर रात एसएन मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया था। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि मुसाफिर राम नामक मरीज कल देर रात इमरजेंसी में भर्ती हुए थे। वे गंभीर रूप से बीमार थे। इनके सिर में खून का थक्का जमा था, दो साल से लंग डिजीज भी थी। तमाम और बीमारियां भी थीं।

## जमीन विवाद में हत्या के तीन दोषियों को सजा

**मैनपुरी।** मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में तीन दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट चतुर्थ ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। आरोपी आनंद, श्रीकृष्ण और राजेश (तीनों भारत सिंह के पुत्र) पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना 2021 की है। ग्राम नगला खुंडे की एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि इन तीनों ने जमीन विवाद में उसके ताऊ ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के समय आरोपियों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट भी की थी। जिससे कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# ट्रम्प बोले- पुतिन पूरी तरह पागल हो गए:यूक्रेन पर हवाई हमले के बाद कहा- मैं उनसे खुश नहीं, बेवजह लोगों की जान ले रहे



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया।

उन्होंने लिखा- मैंने हमेशा रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छे संबंध रखे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ तो हुआ है। वो पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे यूक्रेन में हवाई हमलों के चलते पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता पुतिन को क्या हो गया है। हम रूस पर और प्रतिबंध लगाएंगे। पुतिन बहुत लोगों को मार रहे हैं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन पर 3 साल में रूस के सबसे बड़े हवाई हमले के बाद आया है। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, शनिवार रात रूस ने कीव पर 9 बैलिस्टिक मिसाइलों, 60 क्रूज मिसाइलों और 298 ड्रोन से हमला किया था।

### रूस का आरोप- यूक्रेन पुतिन की हत्या करना चाहता था

रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलिकॉप्टर गिराने की कोशिश की। रूसी वायु सेना के मेजर जनरल यूरी डैशकिन के मुताबिक पुतिन 20 मई को कुर्स्क के दौरे पर गए थे। डैशकिन ने बताया कि इस दौरान यूक्रेनी एयरफोर्स ने पुतिन के हेलिकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया लेकिन हमने सभी ड्रोन मार गिराया। डैशकिन ने कहा- हमने एक साथ कई ड्रोन का मुकाबला किया और राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा सुनिश्चित की।

### यूक्रेन के कब्जे के बाद पहली बार कुर्स्क गए थे पुतिन

कुर्स्क वही जगह है जहां पिछले साल अगस्त में यूक्रेन की सेना ने अचानक हमला किया था और 1100 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया था। यह हमला इसलिए बहुत खास था, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी विदेशी सेना ने रूस की जमीन पर हमला किया था। पुतिन ने इस इलाके का दौरा करते हुए कहा था कि अब इस जमीन पर फिर से रूस का कब्जा हो गया है। उन्होंने यहां पर बारूदी सुरंगें हटाने के लिए और सैनिक भेजने का आदेश भी दिया था, ताकि लोग अपने घर वापस लौट सकें।

हालांकि, यूक्रेन का कहना है कि उसकी सेना अब भी उस इलाके में डटी हुई है और लड़ाई जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना कुर्स्क और बेलगोरोड जैसे इलाकों में रूस के खिलाफ अभियान चला रही है।

### रूस-यूक्रेन के बीच 614 कैदियों की अदला-बदली

रूस और यूक्रेन ने 24 मई को एक-दूसरे के 307-307 कैदियों की अदला-बदली की। यह तीन साल से जारी जंग में सबसे बड़ी कैदी अदला-बदली का हिस्सा है।

शनिवार को हुए अदला-बदली की जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर दी। जेलेंस्की ने लिखा- कल और रिहाई होने की उम्मीद है, हमारा लक्ष्य हर एक यूक्रेनी को रूस के कैद से वापस लाना है। इससे पहले 23 मई को दोनों देशों ने 390-390 कैदियों को रिहा किया था। तीन दिनों में दोनों पक्षों से 1-1 हजार कैदियों को रिहा किया जाना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह अदला-बदली मॉस्को और कीव के बीच शांति समझौते की कोशिशों में नया चरण शुरू कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, 11 घायल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के साउथ कैरोलिना के लिटिल रिवर इलाके में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें 11 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों की स्थिति कैसी है, इसके बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है। गोलीबारी कैसे और क्यों हुई और किसने की, इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस घटना की जांच में जुड़ी है।

### पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण से पहले सड़क पर उतरे आक्रोशित

**वारसॉ, एजेंसी।** यूरोपीय देश पोलैंड में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। राजधानी वारसॉ में हजारों पोलिश लोगों ने देशभक्ति से ओतप्रोत जुलूस में हिस्सा लिया। एक जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए। लगभग 38 मिलियन की आबादी वाले पोलैंड में देश के भविष्य को लेकर मंथन हो रहा है। वारसॉ के यूरोपीय संघ समर्थक मेयर 53 वर्षीय राफाल ट्रजाकोव्स्की ने रैली का नेतृत्व किया। वे प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के करीबी राजनीतिक सहयोगी हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बैठक के लिए मॉस्को जाएंगे डोभाल

**मॉस्को, एजेंसी।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के अगले सप्ताह की शुरुआत में रूस की सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक प्रमुख सुरक्षा बैठक में भाग लेने के लिए जाएंगे। डोभाल को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु की अध्यक्षता में 27-29 मई को सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। रूसी सुरक्षा परिषद के अनुसार फोरम में भाग लेने के लिए मोरिक यूनियन (ईएईयू), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), सीआईएस, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), ग्लोबल साउथ और ईस्ट के 150 से अधिक देशों और यूरेशियन इकोनॉमी के साथ-साथ 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व को निमंत्रण भेजे गए हैं। भारत की तरह, पाकिस्तान भी एससीओ का सदस्य है, और उसके एनएसए लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक के भी बैठक के लिए मॉस्को में मौजूद रहने की उम्मीद है।

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से अब तक 5 की मौत, हजारों लोग फंसे

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में पिछले सप्ताह से जारी भीषण बारिश के कारण आई बाढ़ से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ की वजह से हजारों लोग घरों में कैद हो गए हैं। कई इलाकों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है, लोग अपने घरों में फंसे हैं और बहुत सी सड़कें, पुल और खेत तबाह हो गए हैं। राज्य के उत्तरी तटीय हिस्सों में बाढ़ का असर सबसे ज्यादा पड़ा है। कई घरों में पानी भर गया, खेतों में खड़ी फसलें बह गईं और पशुओं की जान भी गई। जान बचाने के लिए कई लोगों को हेलीकॉप्टर और नावों की मदद से निकाला गया। कुछ इलाकों में तो कारें पूरी तरह पानी में डूब गईं। राज्य की आपातकालीन सेवा ने बताया कि करीब 32,000 लोग अब भी ऐसे इलाकों में हैं जहां जाने का रास्ता बंद है। हालांकि, धीरे-धीरे पानी उतरने लगा है। बाढ़ की वजह से 10,000 से ज्यादा घर और संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### बलूचिस्तान में पत्रकार की हत्या, अपहरण का विरोध करने पर मारे गए अब्दुल लतीफ

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने शनिवार को अपहरण का विरोध करने पर बलोच पत्रकार अब्दुल लतीफ बलोच की गोली मारकर हत्या कर दी। लतीफ क्वेटा स्थित एक समाचार पत्र के लिए काम करते थे। कुछ महीने पहले लतीफ के बड़े बेटे का भी अपहरण कर लिया गया था। बाद में उसका शव बरामद हुआ था। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दानियाल काकर ने बताया, बंदूकधारी लतीफ के अवारन जिले के मशकय स्थित उनके घर में घुसकर उन्हें अगवा करने का प्रयास कर रहे थे। जब उन्होंने विरोध किया तो बंदूकधारियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (पीएफयूजे) समेत कई पत्रकार संगठनों ने डेली इंतिखाब अखबार से जुड़े पत्रकार लतीफ की हत्या की निंदा की है।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अगले दो दिनों में हो सकता है बड़ा एलान, राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए संकेत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ उसकी बातचीत में तेजी आई है और अगले दो दिनों में इसे लेकर कोई बड़ा एलान किया जा सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मध्यस्थता ओमान द्वारा की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप जहां अगले दो दिनों में बातचीत को लेकर अहम एलान करने की बात कर रहे हैं, वहीं मध्यस्थता कर रहे लोगों ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा था कि दोनों देशों के बीच बातचीत हुई है, लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। दोनों देशों के बीच रोम में पांचवें दौर की बातचीत हुई।

**न्यू जर्सी में मीडिया से क्या बोले ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने न्यू जर्सी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारी ईरान के साथ कुछ अच्छी बातचीत हुई है और मुझे नहीं पता कि अगले दो दिनों में आपको अच्छी खबर दूंगा या बुरी, लेकिन मुझे लग रहा है कि ये अच्छी होगी। ट्रंप ने कहा कि हमारी बातचीत में अच्छी खासी प्रगति हुई है, देखते हैं कि आगे क्या होता है, लेकिन मुझे ऐसा लग रहा है कि ईरान के मोर्चे पर अच्छी खबर आने वाली है। अमेरिका और ईरान के बीच पांचवें दौर की बातचीत रोम में ओमानी दूतावास में हुई। जिसमें अमेरिका का प्रतिनिधित्व स्टीव विटकॉफ और माइकल एंटोन ने किया। माइकल एंटोन अमेरिकी विदेशी विभाग के नीति योजना निदेशक हैं।

**ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने की कोशिश :** अमेरिका और ईरान के बीच यूरेनियम संवर्धन पर बातचीत हो रही है और साथ ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कैसे सीमित किया जाए, जिसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगाए गए कुछ आर्थिक प्रतिबंधों को कम करने पर विचार करेगा।

## इजराइल का गाजा के स्कूल पर हमला, 25 की मौत:शरणार्थी कैंप बनाया गया था



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर को तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं। इनमें गाजा का सबसे कम उम्र का इन्फ्लुएंसर याकीन हम्माद (11 वर्ष) भी मारा गया है। दूसरी तरफ स्पेन ने दुनिया भर के देशों से इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**तीन दिन पहले एक डॉक्टर के 9 बच्चे मारे गए :** गाजा पर 23 मई को हुए इजराइली हमले में खान यूनिस की एक महिला डॉक्टर अल-नज्जर के 9 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक मृत बच्चों की उम्र 7 महीने से 12 साल तक थी। डॉक्टर के पति को भी इस हमले में गंभीर चोटें आई है। इजराइली सेना के मुताबिक गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 14 से 20 मई तक 670 से ज्यादा हमास ठिकानों पर हमला किया। जिसमें गाजा के लगभग 512 लोग मारे गए थे।

**इजराइल का गाजा के 77 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा :** इजराइल ने गाजा पट्टी के 77प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजराइल पर नरसंहार के आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजराइली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कॉरिडोर और भारी गोलीबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है।

**नेत्जारिम कॉरिडोर पर इजराइल का कंट्रोल :** मीडिया ऑफिस ने कहा कि इजराइल ने नेत्जारिम कॉरिडोर के जरिए गाजा को दो हिस्सों में बांट दिया है, जिससे फलस्तीनी नागरिकों की आवाजाही लगभग नामुमकिन हो गई है। कार्यालय का कहना है कि इजराइल ने राफा और गाजा सिटी जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को 'नो-गो जोन' घोषित कर दिया है, जिससे लाखों लोग विस्थापित हो गए हैं।

नेत्जारिम कॉरिडोर गाजा को दो भागों में बांटता है। इस साल की शुरुआत में इजराइल-हमास के बीच जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजराइल ने नेत्जारिम कॉरिडोर छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही समय बाद इजराइल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कॉरिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजराइल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी से खाली करने की साजिश रच रहा है। ऑफिस ने कहा कि इजराइली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार और नस्लीय सफाई है। कार्यालय ने दावा किया कि गाजा का 70प्रतिशत से ज्यादा नागरिक बुनियादी ढांचा नष्ट हो चुका है, और 19 लाख लोग (85प्रतिशत आबादी) अपने घरों से बेघर हो गए हैं। इजराइली अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज किया। गाजा में अपनी कार्रवाइयों को हमास के खिलाफ 'टारगेट ऑपरेशन' करार दिया।

## टेक्सास में अमेरिकी वीजा धोखाधड़ी रैकेट के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार



**टेक्सास, एजेंसी।** टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था। इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अमेरिका के टेक्सास में रहने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों को कई सालों से बड़े पैमाने पर वीजा धोखाधड़ी और धनशोधन का कथित सरगना होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

दोनों पर आरोप है कि उन्होंने वीजा धोखाधड़ी कर कई विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कराने और यहां रहने में मदद की। टेक्सास के उत्तरी जिले में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने अब्दुल हादी मुर्शिद (39) और मुहम्मद सलमान नासिर (35) के खिलाफ 23 मई को आरोप लगाया गया। आरोपों में अमेरिका को धोखा देने की साजिश, वीजा धोखाधड़ी, धनशोधन की साजिश शामिल है। मुर्शिद पर अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए गैर कानूनी तरीके को अपनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था। इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अभियोग के अनुसार, मुर्शिद और नासिर ने फर्जी नौकरी के आधार पर आवेदन कर अमेरिकी वीजा योजनाओं का लाभ उठाया। दोषी पाये जाने पर आरोपियों को 20 वर्ष तक की जेल हो सकती है, साथ ही मुर्शिद की अमेरिकी नागरिकता भी छीनी जा सकती है।

## पोप लियो 14वें ने खुद को रोमन घोषित किया



**रोम , एजेंसी।** पोप लियो 14वें ने रविवार को खुद को रोमन घोषित किया। उन्होंने रोम के बिशप के तौर पर अपनी भूमिका को पुख्ता करने के लिए सभी अनिवार्यताएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने अंतिम औपचारिक कदम भी उठा लिए हैं। पहले अमेरिकी पोप ने औपचारिक रूप से सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में अपना स्थान ग्रहण किया। यह रोम का गिरजाघर है। इसे सभी पश्चिमी चर्चों में सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। इसे सभी कैथोलिक चर्चों की जननी भी कहा जाता है।

सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में रोमन पुजारियों और श्रद्धालुओं ने शाम को प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने पोपमोबाइल से सेंट मैरी मेजर का दौरा किया, जहां उन्होंने पोप फ्रांसिस की कब्र और रोमन श्रद्धालुओं की प्रिय वर्जिन मैरी की मूर्ति के सामने प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने कहा कि वह उन्हें सुनना चाहते थे, ताकि वे सीख सकें, समझ सकें और निर्णय ले सकें।

8 मई को चुने जाने पर पोप लियो ने जो कई उपाधियां ग्रहण कीं, उनमें से एक रोम का बिशप था। 1.4 बिलियन की संख्या वाले सार्वभौमिक कैथोलिक चर्च को चलाने की अपनी जिम्मेदारियों को देखते हुए रोमन के सूबा के संचालन के दैनिक शासन को पोप एक पादरी को सौंपते हैं। सेंट जॉन लेटरन में रविवार के समारोह और सेंट मैरी मेजर बेसिलिका का पड़ाव पिछले सप्ताह लियो की सेंट पॉल आउटसाइड द वॉल्स बेसिलिका की यात्रा के बाद हुआ।

रोम के मेयर रॉबर्टो गुआल्टिएरी ने सिटी हॉल की सीढ़ियों पर सबसे पहले लियो का स्वागत किया। उनका 8 मई का चुनाव पवित्र वर्ष के दौरान हुआ था, जो रोम में तीर्थयात्रियों को आमंत्रित करने के लिए हर 25 साल में होने वाला एक आयोजन है। शहर में दो साल तक यातायात समेत कई परियोजनाओं पर काम किया गया। उम्मीद है कि 2025 में 30 मिलियन से ज्यादा लोग आएंगे। लियो ने कहा कि उन्हें पवित्र वर्ष और उसके बाद सभी रोमनों की सेवा करने की गंभीर लेकिन भावुक जिम्मेदारी मिली है। औपचारिक लाल पोपल कैप और ब्रोकेड स्टोल पहने हुए लियो ने अपने चुनाव की रात सेंट पीटर बेसिलिका के लॉजिया से कहे गए शब्दों को याद किया। ऑगस्टिनियन पोप ने सेंट ऑगस्टीन का जिक्र करते हुए कहा, मैं आपके साथ ईसाई हूं और आपके लिए बिशप हूं। आज मैं कह सकता हूं कि आपके लिए और आपके साथ मैं रोमन हूं! पहले रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने पोप फ्रांसिस का स्थान लिया है, जो पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। फ्रांसिस का निधन 21 अप्रैल को हुआ था। उन्हें सेंट मैरी मेजर में दफनाया गया। यह डोना के आइकन के पास है, जिसे सैलस पॉपुली रोमानी के नाम से जाना जाता है।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले : भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा



**इस्तांबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। एर्दोगन ने बताया कि इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन को बेहतर किया जाएगा। साथ ही एजुकेशन सेक्टर में ठोस कदम दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। तुर्किये के राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की थी तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। एर्दोगान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा।

## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला:बोले- पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा

### 8 जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनॉट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा- मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कॉमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है।



### शुभांशु शुक्ला: एनडीए क्लियर करके आईएएफ पायलट बने

शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी की शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है। ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है।

### 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस

शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है। इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनॉट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 रॉकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी।

# गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है : बीसीसीआई पर भड़के पूर्व बल्लेबाज



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ~ भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए पिछले हफ्ते टीम की घोषणा की गई। शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी मिली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद कई अटकलों के बीच जसप्रीत बुमराह को विकल्प के रूप में देखा जा रहा था और गिल की घोषणा ने कुछ लोगों को चौंका दिया जिसमें एक नाम पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का भी है। सहवाग ने बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शुभमन गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते।

सहवाग ने कहा, 'वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था। लेकिन जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है? इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह गिल थे और ऐसा ही हुआ।' दूसरी ओर सहवाग बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत थे। हालांकि वह तिवारी से असहमत थे और उन्होंने गिल को 'तीसरा सबसे अच्छा विकल्प' बताया, न कि दूसरा। उन्होंने कहा, 'एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं। लेकिन एक दीर्घकालिक विकल्प के रूप में आपको यह पूछने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव और भार नहीं डाल सकते। तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं।'

सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है। सहवाग ने कहा, 'पंत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जो किया, वह किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया। विराट कोहली के बाद अगर कोई एक खिलाड़ी है जिसने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए मजबूर किया है, तो वह पंत है। लेकिन क्योंकि वह दुर्घटना का शिकार हुआ, चोटिल हो गया और फिर वापस आया, उसका उतना प्रभाव नहीं पड़ा, और इसलिए उसे उप-कप्तान बनाया गया, यह सोचकर कि अगर वह फॉर्म में वापस आ जाता है, तो वे भविष्य में उसे कप्तान बनाने का फैसला ले सकते हैं। लेकिन बहुत कम गेंदबाज हैं जिन्हें कप्तान बनाया जाता है। मेरे करियर में यह सिर्फ अनिल कुंबले थे, जिन्हें यह प्रारूप पसंद था, वे उपलब्ध थे और उनका प्लेइंग इलेवन में होना तय था।'

# सिंधु और प्रणय ने सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया। एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

इस बीच हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मुकाबले में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी। जबकि अनमोल को चीन की चेन यूफेई से दूसरे गेम में करीबी हार मिली। अनमोल को 21-11, 24-22 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी चीन के चेंग जिंग/झांग ची की जोड़ी से 18-21,13-21 से हार गई।

# आईपीएल समापन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाएगा बीसीसीआई

## -तीनो सेनाओं के प्रमुखों शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को किया जाएगा आमंत्रित

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि यह जश्न तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के दिन मनाया जाएगा। इसके लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान सेना को ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों के लिए सलामी दी जाएगी। सैकिया ने कहा, 'हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को नमन करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सभी को प्रेरित भी किया। सैकिया ने कहा, 'उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जहां देश में क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना है पर हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़कर कुछ भी नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद पाक सेना के हमलों को भी भारतीय सेना ने विफल कर करते हुए जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की थी।

# चोटों से जूझ रहा बांग्लादेश, पाकिस्तान के खिलाफ युवा तेज गेंदबाजों पर जताया भरोसा




**लाहौर (एजेंसी)।** चोट के कारण सीनियर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद के बाहर होने के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस को उम्मीद है कि बाकी तेज गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, जो बुधवार को लाहौर में शुरू होगी। तस्कीन टखने की चोट के कारण दो महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं, जबकि मुस्तफिजुर को पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 मैच के दौरान अंगूठे में चोट लग गई थी।

सिमंस ने कहा, 'आपको अपने सीनियर तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। जैसा कि हमने देखा, फिज (मुस्तफिजुर) उस समय आईपीएल में किस तरह की गेंदबाजी कर रहे थे। हमें उनकी कमी खलेगी। यह किसी के लिए इस सीरीज में उनकी जगह लेने का मौका भी है। उम्मीद है कि कोई गेंदबाज इस सीरीज में फिज की जगह लेना चाहेगा। इस फॉर्मेट में हमारी गेंदबाजी आमतौर पर हमारी मजबूती होती है। लेकिन दो वरिष्ठ गेंदबाजों, तस्कीन और फिज के बाहर होने से संतुलन बिगड़ा है।'

मुस्तफिजुर की अनुपस्थिति में चयनकर्ताओं ने खालिद अहमद को शामिल किया है। नाहिद राणा के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को नहीं चुना गया है जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दौरे से नाम वापस ले लिया है। खालिद के अलावा, तेज गेंदबाजी इकाई में तंजीम हसन साकिब, हसन महमूद और शोरीफुल इस्लाम शामिल हैं। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी चोटिल सौम्य सरकार की जगह लाया गया है ताकि उनके गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत किया जा सके।

यूएई से 2-1 से सीरीज हारने के बावजूद सिमंस आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि टीम का मनोबल अच्छा है और लाहौर में शानदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा, 'यूएई में सीरीज हारना मुश्किल था, लेकिन फिर कभी-कभी इससे आपका मनोबल बढ़ता है। हमारा मनोबल बहुत अच्छा रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि (यूएई में परिणाम) हमारा मनोबल बढ़ाएगा।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सीरीज जीतने का हमेशा अच्छा मौका रहता है। लोग कहते रहते हैं कि पाकिस्तान अच्छा नहीं खेल रहा है। फिर से, यह उस दिन होने वाली घटनाओं पर निर्भर करता है। हमारे पास यहां सीरीज जीतने का अच्छा मौका है। हम सभी पहलुओं में सुधार करने की कोशिश में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'

यह सीरीज बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी विभाग के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत भी करेगी, जिसमें शॉन टैट दो साल के अनुबंध पर तेज गेंदबाजी कोच के रूप में अपने पहले काम के लिए कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सिमंस ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के साथ टैट, जो दोनों कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के साथ हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल थे, विपक्षी टीम की ताकत के बारे में मूल्यवान जानकारी देंगे।

# इंग्लैड दौरे में बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डालें : शास्त्री

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कहा है कि इंग्लैड दौरे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिये। शास्त्री ने कहा कहा कि बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम दिया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि उन्हें इस बात की आजादी दी जानी चाहिये कि वह अपने अनुसार मैच चुन सकें। भारतीय टीम 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज में इंग्लैंड से खेलेगी और इसे उसके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहे थे। इस गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेल में वापसी की थी। शास्त्री ने कहा कि मैं बुमराह को लेकर सतर्क रहूंगा। मैं उसे एक बार में दो टेस्ट मैच दूंगा और फिर ब्रेक का इंतजार करूंगा। साथ ही कहा कि आदर्श रूप से उसे चार खेलने दें। अगर वह शानदार शुरूआत करता है तो आप उसे पांच मैच खेलने के लिए कहेंगे पर ये उसके शरीर पर निर्भर करता है। बुमराह को ये तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वह कौन सा मैच छोड़ता चाहता है। उन्होंने कहा कि उसे ये कहने का पहला अवसर दिया जाना चाहिए कि हां, मुझे थोड़ी परेशानी हो रही है। एक ब्रेक से उसे सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह, मोहम्मद सिराज के होने से भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड पर हावी रहेंगे।



# सूर्यकुमार मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

जयपुर ।मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपने आक्रामक अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सूर्या ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी केसाथ ही सूर्या मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। सूर्या ने इसी मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के मुंबई की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने अब तक 14 मैचों में 640 रन बनाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने साल 2010 में मुम्बई की ओर से 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने साल 2023 सत्र में 605 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लेंडल सिमंस ने साल 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 सत्र में 538 रन बनाये थे। इस सत्र में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने 2025 सत्र में अब तक 14 बार 25 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने साल 2018 में 13 बार यह रिकार्ड बनाया था। वहीं शुभमन गिल ने साल 2023 सत्र में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। अब टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 से अधिक रन बनाने का रिकार्ड सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार 25 से अधिक रनों का रिकॉर्ड्स तोड़ा। इसके अलावा सूर्यकुमार ने इस सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाये। सूर्यकुमार ने अब तक 32 छक्के लगाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने साल 2008 में 31 छक्के लगाए थे। वहीं तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के लगाये थे।




# वैभव सूर्यवंशी की टाइमिंग से महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव वॉ हैरान, करियर को लेकर दी खास सलाह

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार पर कहा, '14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी।'



वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा, 'क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी।' उन्होंने कहा, 'उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।' भारत में हर नए बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो दुनिया की सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं।' उन्होंने कहा, 'पर्थ में इतनी कम उम्र में शतक लगाना हैरानी भरा था। सचिन तेंदुलकर जैसा दूसरा आसानी से नहीं मिल सकता। लेकिन मैंने एक 14 साल के लड़के के ढ्ढक्क में शतक लगाने की कल्पना भी नहीं की थी।'

# धोनी का आगे खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा : उथप्पा

मुम्बई ।आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह अंतिम स्थान पर रही है। नियमित कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण सत्र के बीच में ही 43 साल की उम्र में महेन्द्र सिंह धोनी ने टीम की कप्तानी संभाली थी पर इसके बाद भी टीम के प्रदर्शन में कोई बदलाव नहीं आ पाया। ऐसे में टीम के अनुभवी खिलाड़ियों की तरह ही धोनी के भी टीम में बने रहने पर सवाल उठे है। ये भी कहा जा रहा है कि धोनी 43 साल के हो गये हैं और अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिये। वहीं धोनी ने अभी इस मामले में कुछ नहीं कहा है। पूर्व क्रिकेट रॉबिन उथप्पा का कहना है कि महेन्द्र सिंह धोनी अगले आईपीएल में खेलेंगे या नहीं इस बारे में तो वह नहीं कह सकते पर ये सब उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। उथप्पा के अनुसार धोनी अगले साल 44 साल के हो जाएंगे पर जिस प्रकार से खेल से उन्हें प्यार है। ऐसे में धोनी खेलते रहना चाहेंगे पर ये इसपर भी निर्भर करेगा कि उनका शरीर कितना साथ देता है। उथप्पा ने कहा, फ्ययह सब उनकी सेहत और उनकी भावना पर निर्भर करता है। उनके अंदर खेल को लेकर जुनून है । इसका अंदाजा इसी से होता है कि धोनी ने 2025 में सीएसके के लिए हर मैच खेला और पिछले दो सत्र की तुलना में अधिक गेंदें खेलीं हालांकि, धोनी को निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। इसके लेकर टीम के कोच ने कहा था कि अब उनका शरीर पहले की तरह नहीं है और वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इस स्थिति को देखते हुए उथप्पा ने उम्मीद जताई कि धोनी या तो सीएसके के साथ बने रहेंगे या छोटी नीलामी से पहले टीम को अपने फैसले के बारे में जानकारी देंगे जिससे उनकी जगह किसी और को लिया जा सके। उथप्पा ने कहा कि जैसे धोनी ने 2020 में सोशल मीडिया पर अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी वैसा कुछ करेंगे।



# शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक सिंह

जयपुर ~ पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने कहा, 'यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।' इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। उन्होंने कहा, 'अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग। हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है।'




# क्रिकेट में दो ही गेंदबाजों के नाम है ये रिकार्ड

मुम्बई ।क्रिकेट में कुछ ऐसे बातें हैं जिनके बारे में काफी कम लोगों को जानकारी है। इसी में एक डबल हैट्रिक भी है। हैट्रिक का मतलब जहां लगातार तीन विकेट लेना है। वहीं डबल हैट्रिक को लेकर लोग अंदाजा लगाते हैं कि इसमें 6 विकेट होंगे पर ऐसा नहीं है। क्रिकेट में डबल हैट्रिक तब कहा जाता है जब कोई गेंदबाज लगातार तीन से ज्यादा विकेट ले ले। कोई गेंदबाज लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट हासिल करता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है। क्रिकेट इतिहास में बहुत ही कम ऐसे गेंदबाज हुए हैं जिन्होंने डबल हैट्रिक ली है। इसका कारण है कि किसी भी गेंदबाज के लिए अपने ओवर में बिना किसी वाइड, नो बॉल के लगातार चार विकेट लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होती है। वहीं डबल हैट्रिक की बात करें तो अंतरराष्ट्री क्रिकेट में श्रीलंका के महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने यह उपलब्धि हासिल की है। है। मलिंगा ने साल 2007 एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में लगातार चार गेंद पर चार विकेट लेकर इतिहास रचा था। इसके अलावा बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने घरेलू लीग मैच में लगातार 4 गेंद 4 विकेट लेकर ये कारनामा किया था।



# हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग

**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे।

पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हां, यह अब तक की एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन वास्तव में यदि आप अतीत पर गौर करें तो हमने अभी तक कुछ भी हासिल नहीं किया है। यह एक बात है जो मैं खिलाड़ियों से उस समय से कह रहा हूं जब हमने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था।' पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, 'मेरा लक्ष्य शुरू से शीर्ष दो में रहना था और अब हम वहां पहुंच गए हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का भरपूर आनंद ले रहा है।' पोंटिंग ने कप्तान श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की। पिछली बार जब पोंटिंग-अय्यर की जोड़ी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कोच और कप्तान थी, तब उन्होंने कोविड-19 के समय में टीम को अपने पहले फाइनल में पहुंचाया था।

पोंटिंग ने कहा, 'मैं उनके (अय्यर) साथ दोबारा काम करने के लिए काफी उत्सुक था। यह बिल्कुल स्पष्ट था कि नीलामी में मैं उन पर कितना पैसा खर्च करने को तैयार था। उनके कप्तान रहते हुए हमने दिल्ली को फाइनल में पहुंचाया था।' उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी के रूप में लंबे समय से जानता हूं। वह एक बेहद कुशल इंसान हैं। यदि आप खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करें, तो मुझे लगता है कि उनमें से प्रत्येक श्रेयस की बहुत प्रशंसा करेगा, क्योंकि उसने खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनकी पीठ थपथपाई जो एक अच्छे और मजबूत कप्तान का लक्षण है।'





## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय बाजार 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.13 पर बंद हुआ। वहीं सुबह घरेलू शेयर बाजार में सुस्त धारणा के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर 85.29 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा 85.15 पर खुली और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 85.29 पर लुढ़क गई जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की गिरावट दिखात है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.10 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 98.83 पर रहा।

## निर्यात से जुड़े नए दिशा-निर्देश जारी, एक जून से होंगे लागू

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण (एए) धारकों, निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत इन इकाइयों की ओर से निर्यात के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लाभ बहाल किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया गया है कि 1 जून 2025 से किये जाने वाले सभी पात्र निर्यात उत्पादों पर ये लाभ लागू होंगे। इस नई योजना के बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जानकारी दी है। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य भारतीय व्यापारिक संगठनों को उत्तेजित करके देश की निर्यात क्षमता और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस समय जब सभी देश अर्थव्यवस्थाएं फिर से चलने की ओर बढ़ रही हैं, यह निर्णय एक चार्टर स्ट्राइक का माना जा सकता है जो देश की आर्थिक गतिविधि को पुनरस्थापित करेगा।

## सेबी ने एमसीएक्स पर लगाया 25 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए भुगतान के संबंध में अपर्याप्त खुलासे के लिए मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना राशि 45 दिन के भीतर जमा कर दी जानी चाहिए। यह मामला ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर अनुबंध के लिए 63 मून्स टेक्नोलॉजीज को किए गए भुगतान के संबंध में खुलासा चूक से संबंधित है। एमसीएक्स ने 2003 में 63 मून्स टेक्नोलॉजीज के साथ एक ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर अनुबंध किया था। उस समय 63 मून्स के ही पास एमसीएक्स का पूर्ण स्वामित्व था। वर्ष 2020 में एमसीएक्स ने एक नए ट्रेडिंग मंच पर जाने का फैसला किया और इसका अनुबंध टीसीएस को दिया था। हालांकि, समय पर यह मंच नहीं शुरू हो पाने से एमसीएक्स ने 63 मून्स के साथ ही अधिक लागत पर सेवाओं का विस्तार करने का फैसला किया। हालांकि, उसने किए जा रहे उच्च भुगतानों का खुलासा नहीं किया।

## केईसी इंटरनेशनल का मुनाफा 76 प्रतिशत बढ़कर 268 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग खरीद एवं निर्माण कंपनी केईसी इंटरनेशनल का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 76 प्रतिशत बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 152 करोड़ रहा था। बयान के अनुसार केईसी का समीक्षाधीन अवधि में राजस्व सालाना आधार पर 11.46 प्रतिशत बढ़कर 6,872 करोड़ रुपये हो गया। कर पूर्व आय भी बढ़कर 539 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 347 करोड़ रुपये से 64.55 प्रतिशत बढ़कर 571 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व भी 19,914 करोड़ रुपये से बढ़कर 21,847 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दो रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 5.5 रुपये का लाभांश देने की भी सिफारिश की है।

# भारत के दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विनिर्माण क्षेत्र को मिलेगी मजबूती

### साल 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था

**नई दिल्ली।**

भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने चार ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है, जो देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे न केवल देश को वैश्विक आर्थिक मंच पर मजबूती हासिल हुई है, बल्कि इससे आम आदमी को भी कई लाभ मिलेंगे। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का विकास एक जटिल और बहुआयामी प्रक्रिया है, जो देश की आर्थिक, सामाजिक, और तकनीकी प्रगति को दर्शाती है। अर्थव्यवस्था का विकास तब होता है जब कोई देश अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके उत्पादन, आय, और जीवन की गुणवत्ता में निरंतर और समावेशी सुधार करता है।

साल 2000 तक भारत की जीडीपी 0.47 ट्रिलियन डॉलर थी। भारत ने 2007 में 1 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी हासिल की, जो स्वतंत्रता के बाद 6 दशकों में प्राप्त हुआ था। इसके बाद साल 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था। साल 2021 में भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनी थी। जिसके बाद अब केवल 4 साल में भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर पार हो गई है।

आम आदमी को लाभ- 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत में सर्विस टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा।

संभावना जताई जा रही है कि मेक इन इंडिया जैसी पहले विनिर्माण क्षेत्र को और मजबूत करेगी। जिससे नौकरियां भी बढ़ेगी और बेरोजगारी की समस्या कम होगी।

## टाटा मोटर्स का घरेलू ईवी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य

**मुंबई।**

टाटा मोटर्स ने घरेलू इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल मार्केट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि टाटा मोटर्स अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य है लॉन्ग टर्म में बाजार में 50 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल करना। हालांकि, इस क्षेत्र में मार्केट से मिल रही तगड़ी कंपटीशन के चलते टाटा मोटर्स को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अ धिकारी ने दावा किया कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी स्वामित्व की कुल लागत को सीएनजी वाहन के समान स्तर पर लाने के लिए काम कर रही है ताकि वॉल्यूम हासिल किया जा सके। इस नजरिये से देखा जाए तो, टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट में प्रवेश के प्रयासों का सफलतापूर्ण होना संभव है, लेकिन उन्हें चुनौतियों का सामना करते हुए चुस्त रहने की आवश्यकता है।

## दान के मामले में अंबानी और अडानी से कई गुना आगे हैं ये शख्स



**मुंबई।**

गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन इस सप्ताह सुर्खियों में है। ब्रिन ने अल्फाबेट इंक के करीब 700 मिलियन डॉलर मूल्य के शेयर तीन परोपकारी संगठनों को दान किए। यह जानकारी उनके पारिवारिक कार्यालय बेशोर ग्लोबल से मिली है। दान का सबसे बड़ा हिस्सा क्लास ए और क्लास सी स्टॉक के बीच समान रूप से विभाजित करीब 3.2 मिलियन अल्फाबेट शेयर- कैटालिस्ट4 को गया, जो 2021 में ब्रिन के स्थापित एक गैर-लाभकारी संस्था है। कैटालिस्ट4 केंद्रीय तंत्रिका तंत्र विकारों में अनुसंधान को वित्तपोषित करने और जलवायु परिवर्तन का समाधान खोजने पर काम करती है। ब्रिन ने अल्फाबेट के 580,000 से अधिक शेयर अपने पारिवारिक फाउंडेशन को दिए, और माइकल जे फॉक्स फाउंडेशन को लगभग 282,000 शेयर उपहार स्वरूप दिए, जो पार्किंसंस रोग अनुसंधान में सहयोग करता है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार 51 वर्ष की उम्र में भी ब्रिन दुनिया के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक हैं। 143 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ वे विश्व स्तर पर 10वें स्थान पर हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 625 और निफ्टी 175 अंक नीचे आया

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक तकरीबन 0.76 फसदी नीचे आकर 81,551.63 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 174.95 अंक करीब 0.70 फीसदी नीचे आकर 24,826.20 अंकों पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे

आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुए और शेष सभी 25 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर आज निफ्टी की 50 में से केवल 10 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। वहीं अन्य सभी 40 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 2.60 फीसदी जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.21 फीसदी नीचे आये।

वहीं सनफार्मा के शेयर 0.42 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.34 फीसदी, नेस्ले इंडिया 0.33 फीसदी और एशियन पेंट्स के शेयर 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

**आईटीसी, टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बड़ी गिरावट रही।**

इससे पहले आज सुबह बाजार ` गिरावट के साथ खुले। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इन्फोसिस जैसी भारी भरकम शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। सेंसेक्स मंगलवार को 100 अंक से ऊपर की गिरावट




लेकर 82,038.20 पर खुला। खुलते ही इसमें बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद यह 726.90 अंक की गिरावट लेकर 81,449.55 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,956.65 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 233.80 अंक गिरकर 24,767.35 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख रहा। निवेशकों ने यूरोपीय संघ के आयात पर 50 फीसदी टैरिफ टालने के ट्रम्प के फैसले पर विचार किया। जापान का निक्केई 0.15 फीसदी नीचे था। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स स्थिर था। कोस्पी 0.32 फीसदी फिसला। यह सोमवार को तीन महीने के उच्चतम स्तर से नीचे फिसल गया।

वहीं, एएसएक्स 200 ट्रेंड के उलट 0.16 फीसदी बढ़ा। सोमवार को मेमोरियल डे के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहे। लेकिन ट्रम्प के टैरिफ में देरी के बाद फ्यूचर्स में उछाल आया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज से जुड़े फ्यूचर्स में 1 फीसदी की वृद्धि हुई। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 1.1 फीसदी की वृद्धि हुई और नैस्डैक 100 फ्यूचर्स में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई।

# सोने के भाव में नरमी के बाद तेजी, चांदी फिसली

### सोने के भाव 96,000 रुपए प्र ति 10 ग्राम, चांदी के भाव 97,900 रुपए के करीब

**नई दिल्ली।**

वैश्विक बाजार में नरमी के बीच घरेलू बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत मंगलवार को नरमी के साथ हुई। हालांकि सोने के भाव बाद में सुधर गए, लेकिन चांदी नरमी के साथ ही कारोबार कर रही है। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में सोन चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 337 रुपये की गिरावट के साथ 95,600 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,937 रुपये था। हालांकि इस समय यह 108 रुपये की तेजी के साथ 96,045 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 88 रुपये की गिरावट के साथ 97,915 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 98,003 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वै श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,355.60 डॉलर प्रति औंस के



भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,365.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 20.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,345.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.61 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.60 डॉलर था। इस समय यह 0.09 डॉलर की गिरावट के साथ 33.52 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## ओयो ने आईपीओ के लिए फिर से बैंकों के साथ बातचीत की शुरू!

**नई दिल्ली।** वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बैंकर के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सूत्रों ने यह जानकारी` मिली है। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में सूचीबद्ध होने है। निवेश बैंकों के साथ प्रारंभिक चर्चा से संकेत मिला है कि सार्वजनिक पेशकश के लिए संभावित मूल्यांकन सीमा छह से सात अरब अमेरिकी डॉलर है। बताया जा रहा है` कि कंपनी ने पिछले महीने अनौपचारिक चर्चा शुरू की थी और अब वह प्रस्तावों पर विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा` कि कंपनी भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग संस्थानों के साथ बातचीत कर रही है और इस साल अगस्त-सितंबर के बीच दस्तावेज दाखिल करने की योजना है। साथ ही अभी यह तय नहीं हुआ है कि वित्त वर्ष 2024-25 के वित्तीय परिणाम दाखिल किए जाएं या वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम ऑडिट होने और दाखिल करने के लिए तैयार होने तक इंतजार किया जाए। नए सिरे से आईपीओ लाने की पहल ऐसे समय में की गई है, जब ओयो ने 2021 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने दस्तावेज दाखिल और फिर दोबारा दाखिल किए थे। इसमें सार्वजनिक पेशकश के जरिये 8,430 करोड़ रुपये जुटाने की बात कही गई थी। कंपनी ने हालांकि मई 2024 में यह दस्तावेज वापस ले लिए थे।

# कार खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाया एआई ने

**नई दिल्ली।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) ने लोगों के लिए कार खरीदने की प्रक्रिया को भी काफी आसान और सुलभ कर दिया है। दरअसल, एआई ग्राहकों को बेहतर और ज्यादा पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया को पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक, कुशल और पारदर्शी बना सकता है। काफी सारी ऑटोमोबाइल कंपनी ने एआई और चैटबोट पर काफी काम किया है और लोगों के लिए कार खरीदने के अनुभव को काफी आसान बना दिया है। अब घर बैठे कार बुक करा सकते हैं और डिलीवरी आपके घर पर हो जाती है। आइए, आज जानते हैं कि कार खरीदने में एआई कैसे मददगार साबित होता है। कार खरीदने से पहले लोग शोरूम जाकर टेस्ट ड्राइव लेते हैं, जहां सेल्स एग्जिक्यूटिव ग्राहकों को कार के लुक-फीचर्स और पावर-परफॉर्मेंस से जुड़ी सारी जानकारी देता है। अब एआई की मदद से यह काम काफी आसान हो गया है।

चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट लोगों को सारे सवालों का जवाब देते हैं। लोग अपने घर बैठे ही अलग-अलग कारों की वर्चुअल टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं, जिससे आपको कार के इंटीरियर, फीचर्स और ड्राइविंग डायनैमिक्स का एक्सपीरियंस मिल सकता है। एआई -पावर्ड उपकरण आपको कार को अलग-अलग कलर, ट्रिम्स और एक्सेसरीज के साथ कॉन्फिगर करने की अनुमति देते हैं और आप रियल टाइम में देख सकते हैं कि यह कैसी दिखेगी। इससे ग्राहकों को फैसला लेने में आसानी होती है। वर्चुअल शोरूम 24/7 उपलब्ध होते हैं। बता दें कि आजकल काफी सारे ग्राहक कार खरीदते समय फाइनैंसिंग विकल्प अपनाते हैं। ऐसे में एआई फाइनैंसिंग प्रोसेस को फास्ट और ज्यादा पर्सनलाइज्ड बना सकता है। एआई कार बायर की क्रेडिट हिस्ट्री, फाइनैंशियल कंडिशन और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके पर्सनलाइज्ड लोन टर्म्स के बारे में बताता है। एआई -पावर्ड प्लैटफॉर्म अक्सर तत्काल लोन अप्रूव कराने में मदद करते हैं। एआई कागजी कार्रवाई को स्वचालित करके और लोन अप्रूवल टाइम को कम करके डीलरशिप की एफिसिएंसी में सुधार कर सकता है। बता दें कि एआई कार खरीदने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और उचित मूल्य निर्धारण लाने में मदद करता है। दरअसल, ग्राहक अक्सर कन्फ्यूज होते हैं कि उन्हें अपने बजट में कौन-कौन सी कार मिल सकती है। एआई एल्गोरिदम मार्केट डेटा (जैसे कार का मॉडल, साल, माइलेज, स्थिति और स्थान) का विश्लेषण करके एक इस्तेमाल की हुई कार के लिए या एक नई कार के लिए सबसे सही प्राइस का सुझाव दे सकते हैं। एआई धोखाधड़ी वाली लिस्टिंग का पता लगाने और वाहन के इतिहास का विश्लेषण करने में भी मदद कर सकता है।

## स्कूटर सुजुकी ई-एक्सेस जल्द होगा लॉन्च



**नई दिल्ली।**

सुजुकी मोटरसाइकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर सुजुकी ई-एक्सेस जल्द ही भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाएगा। इस स्कूटर का प्रोडक्शन गुरुग्राम प्लांट में शुरू हो चुका है। इसमें बैटरी पैक 3.07केडब्ल्यूएच लिथियम आयरन फॉस्फेट का होगा जिसकी रेंज (सिंगल चार्ज) 95 किमी तक होगी। इसका चार्जिंग टाइम 0-100 प्रतिशत तक 7 घंटे से कम होगा। मोटर पावर 4.1 केडब्ल्यूएच, टॉर्क 15एनएम तथा टॉप स्पीड 71केएमपीएच होगी। इसकी बैटरी फिक्स्ड, स्वैपेबल नहीं है। इसकी ब्रेक लगाते वक्त बैटरी चार्ज होती है, इसको कम मेंटेनेंस की जरूरत होती है। इसकी डिजाइन स्पोर्टी और फ्यूचरिस्टिक है और कलर ऑप्शन में 3 डुअल-टोन विकल्प है। इसके लाइट्स फुल एलईडी (हेडलैंप और टेललैंप) है, इसमें स्मार्टफोन कनेक्टिविटी नेविगेशन और ट्रैफिक अलर्ट की सुविधा दी गई है। कंपनी सुजुकी चाहती है कि उसके सभी डीलर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पूरी तरह तैयार हों। इसके लिए डीलरों को तकनीकी ट्रेनिंग दी जा रही है। आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर और टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ग्राहक सेवा को परेशानी-मुक्त बनाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुजुकी ई-एक्सेस न केवल एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर है, बल्कि यह सुजुकी का भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में पहला बड़ा कदम है। किफायती कीमत, एडवांस फीचर्स और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू के साथ यह स्कूटर मिड-सेगमेंट खरीदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन सकता है। लॉन्च के बाद यह स्कूटर मौजूदा खिलाड़ियों के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा। सुजुकी ई-एक्सेस की संभावित कीमत रुपए 1.20 लाख (एक्स-शोरूम) हो सकती है। बाजार में इसका कंपटीशन ओला एस 1, एथर रिज्टा, टीवीएस आईक्यूब, होंडा ई-एक्टिवा, बजाज चेतक, हीरो वीडा वी2 से होगा।

## सुरक्षित निवेश के साथ-साथ कई तरह की सुविधाएं देता हैं फिक्स्ड डिपॉजिट

**मुंबई।**

आमतौर पर सामान्य भारतीय सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करते हैं। एफडी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें एक निश्चित रिटर्न मिलता है और आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। लेकिन एफडी में निवेश करने के कई और फायदे भी हैं। एफडी कराकर आप अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं।

इस खबर में हम आपकों को एफडी के कई फायदे के बारे में बात रहे

1. एफडी में आपका पैसा हमेशी सुरक्षित रहेगा। यहां जमा राशि पर 5 लाख रुपए तक की बीमा सुविधा मिलती है। इसका मतलब यह हुआ है कि अगर किसी कंडीशन में बैंक डिफॉल्ट कर जाए या बंद हो जाए तब आपके 5 लाख रुपए पर सरकार की गारंटी होगी। यानी डिफॉल्ट केस में भी 5 लाख रुपए आपको मिल जाएंगे।

2. एफडी का दूसरा सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको निवेश की शुरुआत में ही बता दिया जाता है कि मैच्योरिटी पर आपको कितना फायदा होगा। इसकारण इसमें कोई जोखिम नहीं है। किसी भी स्थिति में न उससे ज्यादा पैसा मिलता है और न ही कम। ये बात एफडी को फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए एक बेहतरीन टूल बनाती है।

3. अगर आपको पैसों की जरूरत पड़ती है, तब आप एफडी पर लोन ले सकते हैं। सहूलियत के अनुसार आप इसका भुगतान कर सकते हैं। सेबी की वेब साइट पर दी जानकारी के अनुसार आप एफडी की वैल्यू का 95 प्रतिशत तक लोन ले सकते हैं।

उदाहरण के लिए अगर आपकी एफडी की कीमत 1.5 लाख रुपए है, तब आपको 1 लाख 35 हजार रुपए लोन मिल सकता है। अगर आप स्नष्ठ पर लोन लेते हैं, तब आपको एफडी पर मिलने वाले ब्याज से 1 प्रतिशत ज्यादा ब्याज देना होगा। जैसे मान लीजिए कि आपकी एफडी पर 7 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है, तब आपको 8 प्रतिशत की ब्याज दर पर लोन मिल सकता है।

4. एफडी कराकर अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं। एसबीआई और एक्सिस बैंक सहित देश के कई प्रमुख बैंक अपने फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम के साथ मंथली इनकम स्कीम की सुविधा निवेशकों को ऑफर कर रहे हैं। अगर आप रिटायरमेंट के बाद या इससे पहले ही मंथली इनकम की तलाश में हैं, तब मंथली फिक्स्ड डिपॉजिट इनकम या मंथली इंटरेस्ट पेआउट एफडी का विकल्प चुन सकते हैं। मान लीजिए अगर आप 7 प्रतिशत के सालाना ब्याज पर 5 लाख रुपए की एफडी 1 साल के लिए कराते हैं, तब आपको इस पर कुल 35,000 रुपए तैयार ब्याज मिलेगा।

# राकेश गंगवाल ने इंडिगो में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

### ब्लॉक डील के माध्यम से क़रीब 11,385 करोड़ का सौदा हुआ

**नई दिल्ली।**

भारतीय विमानन उद्योग के अंदर एक बड़ी परिवर्तनकारी घटना हुई है, जहां इंडिगो में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच दिया गया है। इस लेनदेन में विमानन कंपनी इंडिगो के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने यह कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक इस ब्लॉक डील के माध्यम से क़रीब 11,385 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है। इस कदम के साथ गंगवाल परिवार के अलावा चिन्करपू फैमिली ट्रस्ट भी इंडिगो में अपनी हिस्सेदारी बेचने में शामिल हो गये हैं। यह सौदा निवेश बैंकिंग कंपनियों गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली, और जेपी मॉर्गन द्वारा नियोजित किया गया है। राकेश गंगवाल और उनके परिवार के पास पहले से ही इंडिगो में 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जिसे अब इस लेनदेन के जरिए बेच दिया गया है। इस लेनदेन के बाद गवाल अब केवल 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। शेयर बिक्री गंगवाल द्वारा फरवरी 2022 में सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ कथित कामकाज के मुद्दों पर हुए विवाद के बाद अपनी शेयरधारिता को कम करने के निर्णय का हिस्सा है। ओ धिको रिक सूत्रों के मुतो बिक गंगवाल और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल फरवरी 2022 से इंडिगो में अपने शेयर बेच रहे हैं। राकेश और शोभा ने सितंबर 2022 में 2.74 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,005




करोड़ रुपये में बेची। फरवरी 2023 में शोभा ने कंपनी में चार प्रतिशत हिस्सेदारी 2,944 करोड़ रुपये में बेची। बाद में अगस्त में शोभा ने करीब 2.9 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,800 करोड़ रुपये से कुछ अधिक में बेची।



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के साथ आ रहा वापस

**कॉमेडियन** और एक्टर कपिल शर्मा का सुपरहिट शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो वापस आ रहा है। नेटफ्लिक्स पर इसका तीसरा सीजन प्रसारित होगा। इस नए सीजन की शुरुआत 21 जून से होगी। कपिल की हंसी-मजाक और दिलचस्प बातचीत फिर से दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इस मजेदार कॉमेडी शो में कपिल शर्मा के साथ उनके पुराने साथी सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और हमेशा हंसती रहने वाली अर्चना पूरन सिंह भी नजर आएंगी, यानी इस बार के सीजन में कई जाने-पहचाने चेहरे फिर से दिखेंगे। इस



सीजन में नेटफ्लिक्स दुनिया भर के शो के सुपर फेंस को एक खास मौका दे रहा है। इस मौके के तहत फेंस शो के स्टेज पर आकर अपना हुनर दिखा सकते हैं। नए सीजन के बारे में बात करते हुए कपिल शर्मा ने कहा, नेटफ्लिक्स पर एक और सीजन के साथ वापस आना ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपने परिवार के पास लौट आया हूं और इस बार हमारा परिवार और बड़ा हो रहा है! कपिल ने आगे कहा, इस सीजन हमने कोशिश की है कि शो में करियर, जिंदगी, परिवार, प्यार जैसी अलग-अलग बातों को दिखाया जाए और इन सबको मजेदार तरीके यानी कॉमेडी के जरिए लोगों तक पहुंचाया जाए। ताकि लोग हंसी के साथ-साथ जिंदगी की जरूरी बातों को भी समझें। उन्होंने कहा, सीजन 3 में हमारे मजेदार बातों और शानदार मेहमानों के अलावा, नेटफ्लिक्स और द ग्रेट इंडियन कपिल शो की टीम कुछ नया और खास लेकर आ रही है, ऐसा कुछ जो पहले नहीं हुआ था। हमें जो इतना प्यार मिला है, उसके बदले में हम इस बार अपने सुपर फेंस को खास मौका दे रहे हैं। अब लाइमलाइट उन पर होगी, उनकी कहानियां, उनकी खास बातें और उनका हुनर, सबकुछ उन्हें स्टेज पर पेश करने का मौका दिया जाएगा। इस आइडिया को लेकर कपिल शर्मा ने कहा, इस बार हमने सोचा कि क्यों न अपने फेंस को भी शो का एक मजेदार हिस्सा बना दिया जाए?



# परेश रावल ने हेरा फेरी 3 के कानूनी पेंच पर की बात, कहा- वकील ने जवाब भेज दिया है

अभिनेता परेश रावल हेरा फेरी 3 से निकलने को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अक्षय कुमार द्वारा फिल्म हेरा फेरी 3 से उनके अचानक बाहर निकलने पर कानूनी कार्यवाही शुरू की। इस पर परेश रावल ने बात की है। अक्षय कुमार हेरा फेरी 3 के निर्माता भी हैं। उन्होंने परेश रावल के फिल्म से बाहर निकलने पर केस किया था। रविवार की सुबह परेश रावल ने इस मामले पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा मेरे वकील अमीत नाइक ने मेरी मेरे फिल्म से बाहर निकलने के बारे में जवाब भेजा है। एक बार जब वे मेरा जवाब पढ़ लेंगे तो सभी मुद्दे शांत हो जाएंगे। अमीत नाइक को कई मामलों में अमिताभ बच्चन और अनिल कपूर का प्रतिनिधित्व करने के लिए जाना जाता है।

शुक्रवार को अक्षय कुमार के वकील ने परेश रावल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने पर खुलकर बात की। परिनम लॉ एसोसिएट की संयुक्त प्रबंध भागीदार पूजा तिड़के ने पीटीआई को बताया मुझे लगता है कि इसके गंभीर कानूनी नतीजे होंगे। इससे निश्चित रूप से फ्रैंचाइज को नुकसान होगा। कलाकारों, क्रू, अभिनेताओं और ट्रेलर की शूटिंग पर खर्च किया गया है। अक्षय कुमार की तरफ से बताया गया कि परेश रावल को फिल्म में काम करने से पहले 11 लाख रुपये दिए गए थे। बीते कल बॉलीवुड हंगामा के हवाले से खबर आई कि अभिनेता परेश रावल को हेरा फेरी 3 के लिए साइनिंग अमाउंट के तौर पर 11 लाख रुपये मिले थे, जिसे उन्होंने 15 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ जोड़कर वापस कर दिया है।

### 25 करोड़ का मुकदमा

आपको बता दें कि जब परेश रावन ने फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ने का ऐलान किया था, तब अक्षय कुमार की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स ने परेश रावल पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा दायर किया था। बताया गया कि इस फिल्म को अचानक छोड़ने के फैसले से फिल्म मेकर्स को काफी नुकसान हुआ है।





# जब साजिद ने गौहर संग टूटी सगाई पर तोड़ी थी चुप्पी

**साजिद** खान की कभी गौहर खान से सगाई हुई थी, पर उनका रिश्ता टूट गया। साजिद खान ने एक बार इस टूटे रिश्ते की वजह अपनी गलतियों को बताया था। साजिद के मुताबिक, उन्होंने गौहर को धोखा दिया और कई लड़कियों को शादी के लिए पूछा था। जहां गौहर खान बिग बॉस 7 की विनर रही थीं, वहीं साजिद खान इसके 16वें सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। पर कभी दोनों रिलेशनशिप में थे। आज गौहर खान हैप्पी मैरिड लाइफ जी रही हैं और मां हैं, वहीं साजिद खान सिंगल लाइफ जी रहे हैं। लेकिन कभी गौहर खान और साजिद खान की सगाई हुई थी, और शादी होने वाली थी। पर बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। साजिद ने एक बार एक इंटरव्यू में गौहर संग टूटे रिश्ते पर बात की थी, और ब्रेकअप की वजह बताई थी।

साजिद खान ने दूरदर्शन को दिए इंटरव्यू में बताया था कि वह और गौहर खान एक साल तक रिलेशनशिप में रहे। उन दोनों की सगाई भी हुई थी, जिसे मीडिया ने कवर किया था। साजिद ने ब्रेकअप के लिए अपनी गलतियों को जिम्मेदार ठहराया था।

### साजिद खान बोले थे- हम एक साल तक साथ रहे

साजिद खान ने कहा था, हम एक साल तक साथ रहे। वह (गौहर खान) एक प्यारी लड़की है। मैं किसी शो में सार्वजनिक रूप से नाम लेना पसंद नहीं करता, लेकिन यह ठीक है क्योंकि दुनिया इसके बारे में जानती है। हमारी सगाई को मीडिया ने भी कवर किया था।

### मैं झूठ बोल रहा था, हर लड़की को विल यू मैरी मी बोल रहा था

साजिद ने आगे कहा था, मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था, उन्हें झूठ बोल रहा था। कभी कुछ ऐसी बदतमीजी नहीं की, लेकिन हर लड़की को आई लव यू और विल यू मैरी मी? बोलता था। अब तक मेरी कोई 350 शादी होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई। मुझे यकीन है कि मैं जितनी भी लड़कियों के साथ जिंदगी में था, कहीं ना कहीं वो मुझे थोड़ी मिस भी कर रही होगी और थोड़ी गाली भी देती होंगी।

### गौहर खान के अफेयर, ब्रेकअप और शादी

साजिद खान ने सगाई टूटने के बाद गौहर खान ने रियलिटी टीवी शो की दुनिया में कदम रखा और बिग बॉस 7 के जरिए घर-घर में मशहूर हो गईं। शो में रहने के दौरान उन्हें को-कंटेस्टेंट कुशाल टंडन से प्यार हो गया और दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। हालांकि, शो के बाद उनका रिश्ता खत्म हो गया। बाद में गौहर को ज़ैद दरबार से प्यार हो गया, जिनसे उन्होंने 2020 में शादी की और उनका एक बेटा जेहान है। अब गौहर दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं।

# फ्लाइट के दौरान सिगरेट जलाने पर ब्रिटनी स्पीयर्स को चेतावनी

**लॉस एंजेलिस।** पॉप आइकन ब्रिटनी स्पीयर्स को उनके व्यवहार के लिए उड़ान के दौरान फटकार लगाई गई है। कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ काबो सान लुकास से लॉस एंजिल्स की यात्रा के दौरान गायिका ने शराब पी रखी थी और उड़ान के दौरान सिगरेट जलाई थी। सिंगर की ओर से संघीय विमानन नियमों का उल्लंघन किया गया है। सिंगर के इस बर्ताव से चार्टर प्लेन में मौजूद फ्लाइट अटेंडेंट घबरा गए, क्योंकि विमान में धूम्रपान करना वर्जित होता है। फ्लाइट अटेंडेंट की ओर से बताया गया कि स्पीयर्स ने सिगरेट बुझा दी। फिर भी, उड़ान के बीच में ही अधिकारियों से संपर्क किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, जब विमान उतरा तो अधिकारियों ने सिंगर से मुलाकात की और उन्हें उड़ान के दौरान ऐसे बर्ताव को लेकर चेतावनी दी। बाद में उन्हें जाने की अनुमति दे दी गई। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, यह पहली चेतावनी नहीं है। इससे पहले भी वह इस तरह की हरकत कर विवादों में फंस चुकी हैं। सूत्र ने आगे कहा, वह नियमों का ठीक से पालन नहीं करतीं। सार्वजनिक चार्टर ऑपरेटर जेएसएक्स, जिस पर स्पीयर्स सवार थीं, उसने इस घटना के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की, जबकि गायिका के प्रतिनिधि ने भी टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। सिंगर के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार को पहले भी कई बार लोगों ने नापसंद करते हुए नाराजगी जताई है। 2000 के दशक की शुरुआत में कई परेशान करने वाली घटनाओं के बाद मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण स्पीयर्स 13 साल तक गार्डियनशिप के अधीन रहीं।

# आर. माधवन के नाम पर ऑनलाइन लूट रही थी महिला

### एक्टर ने खोलकर रख दी पोल

ऑनलाइन दुनिया में ठगी के धंधे भी बहुत हैं। कई बार ठग सितारों का नाम लेकर ठगी करते हैं। ऐसा ही कुछ एक महिला आर. माधवन के नाम पर करने की फिराक में थी। मगर, एक्टर ने समय रहते महिला ठग की पोल खोल दी।

बड़े प्रोडक्शन हाउस और सुपरस्टार्स के नाम पर अक्सर मासूमों को ठगा जाता है। खासकर, वे लोग जो सिनेमा की दुनिया में करियर बनाने मायानगरी आते हैं। खुद को बड़े सितारों का मैनेजर बताकर न जाने ठग कितने ही मासूमों को अपने झांसे में फंसाते हैं। ऑनलाइन दुनिया में ऐसा ही एक महिला ठग अभिनेता आर. माधवन के नाम पर कर रही थी। मगर, एक्टर ने सूझबूझ दिखाई। पता चलते ही महिला की पोलपट्टी खोल दी।

### माधवन ने लोगों को चेताया

अभिनेता आर. माधवन ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यह श्रुति नैना नाम की एक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट है। इसके बायो में लिखा है, आर. माधवन की ऑफिशियल मैनेजर। एक्टर ने स्क्रीनशॉट में यह हिस्सा गोला लगाकर शेयर किया है। साथ ही लिखा है, फ्रॉड अलर्ट।

### समय रहते किया लोगों को जागरुक

श्रुति नैना नाम की जिस प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है, इसके करीब सवा तीन सौ फॉलोअर्स हैं। एक्टर ने समय रहते महिला की असलियत लोगों के सामने खोलकर रख दी। साथ ही उन्हें एलर्ट भी कर दिया कि वे इस तरह के फ्रॉड से सावधान रहें।

### माधवन का वर्क फ्रंट

माधवन के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें बीते दिनों फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया। अक्षय कुमार और अनन्या पांडे के साथ माधवन अहम भूमिका में नजर आए। आर माधवन ने ब्रिटिश क्राउन के वकील नेविल मैकिनले का रोल निभाया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। दर्शकों से भी फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।



# एक्ट्रेस प्रिया मोहन इस बीमारी से बेहाल, रोते हुए बोलीं- बेटे को गोद नहीं ले सकती, तौलिया नहीं लपेट सकती

साउथ फिल्म एक्ट्रेस प्रिया मोहन डेढ़ साल से दर्द में है और अपनी बीमारी का खुलासा किया है। प्रिया ने बताया वह फाइब्रोमायल्जिया से पीड़ित हैं और न तो बेटे को गोद में उठा सकती हैं और ना ही बालों पर तौलिया लपेट सकती हैं। मलयालम और तेलुगू एक्ट्रेस प्रिया मोहन इस वक्त एक गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके बारे में उन्होंने हाल ही खुलासा किया है। इसके कारण उनके पूरे शरीर में दर्द रहता है। वह न तो बालों पर तौलिया लपेट पाती हैं और ना ही बेटे को गोद में उठा पाती हैं। प्रिया मोहन ने बताया कि वह फाइब्रोमायल्जिया से जूझ रही हैं। यह एक क्रॉनिक डिजीज है, जिसमें हर वक्त शरीर में दर्द, थकान और सिरदर्द रहता है। मूड स्विंग्स होते रहते हैं। प्रिया मोहन ने पति निहाल पिल्लई के साथ एक व्लॉग शेयर किया, जिसमें फाइब्रोमायल्जिया से अपनी लड़ाई का खुलासा किया है। प्रिया ने बताया कि डेढ़ साल तक उनका दर्द बढ़ता रहा, जिसे शुरू में अनदेखा कर दिया था। हालत इतनी खराब हो गई कि उन्हें बुनियादी काम करने में भी परेशानी होने लगी, जिससे डिप्रेशन और नींद न आने की समस्या हो गई।



### डेढ़ साल तक दर्द बर्दाश्त करती रहीं प्रिया मोहन

प्रिया मोहन ने बताया कि वह डेढ़ साल तक असहनीय दर्द बर्दाश्त करती रहीं, और फिर पता चला कि उन्हें फाइब्रोमायल्जिया हुआ है। प्रिया मोहन के पति निहाल ने बताया कि डिप्रेशन के कारण उनके लक्षण और भी बदतर हो गए थे। प्रिया मोहन के गालों और आंखों के आसपास सूजन दिखने लगी थी। पर इसके बावजूद वह अपने कामों में बिजी रहीं और ट्रीटमेंट को प्राथमिकता नहीं दी। प्रिया मोहन अपनी इस तकलीफ के बारे में बताते हुए रो पड़ीं। वह बोलीं, मैं इतने दर्द में थी कि मैं अपने बेटे को उठा नहीं सकती थी या उसे खाना भी नहीं खिला सकती थी। मुझे ऊंची गाड़ी में चढ़ने में भी परेशानी होती थी। बिस्तर से उठने, कपड़े बदलने या अपनी पीठ खुजलाने के लिए भी मुझे किसी और की मदद की ज़रूरत पड़ती थी। मैं प्लेट या गिलास भी नहीं उठा सकती थी। मैं अकसर सोचती थी कि मुझे इस तरह क्यों जीना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in